
तापमान
अधिकतम 40.6 डिग्री
न्यूनतम 27.7 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 13 मई 2024

11 रेलवे में अफसर बदल गए पर नहीं खुला पब्लिक...

12 वित्तीय मंजूरी के बाद 8 महीने से तात्यापारा...


# चार नए फॉर्मेसी कॉलेजों के लिए अर्जी, इंजीनियरिंग में थोड़ी राहत, इस बार एक भी कॉलेज में नहीं लटकेगा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

फॉर्मेसी सेक्टर में छात्रों की बढ़ती दिलचस्पी के बाद चार फॉर्मेसी महाविद्यालयों के लिए तकनीकी विवि को आवेदन प्राप्त हुए हैं। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2024-25 के जिए जिन चार नए फॉर्मेसी महाविद्यालयों के लिए आवेदन मिले हैं, उनमें 2 बिलासपुर में तथा 2 जांजगीर-चांपा में हैं। तकनीकी विवि से अनुमति प्राप्त होने के साथ ही फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से भी अनुमति मिलनी आवश्यक है। यहां से अनुमति मिलने के बाद ही ये महाविद्यालय प्रारंभ हो पाएंगे। ऐसे में यदि नया सत्र प्रारंभ होने के पूर्व अनुमति मिल पाती है, तब ही छात्रों को नए सत्र से बढ़ी हुई सीटों का लाभ मिल पाएगी।

गौरतलब है कि फॉर्मेसी पाठ्यक्रम के अंतर्गत बीफॉर्मा और एमफॉर्मा की पढ़ाई होती है। बीफॉर्मा में दाखिले व्यापम द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से ही होते हैं। इस बार व्यापम इसके लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 13 जून को करने जा रहा है। गौरतलब है कि वर्तमान में प्रदेश में फॉर्मेसी की 5 हजार 698 सीटें हैं। नए महाविद्यालयों को कितनी सीटों की अनुमति दी जाएगी, इसका निर्धारण पीसीआई अर्थात फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा किया जाएगा।

### बीते वर्ष बंद हुए थे दो कॉलेज

इधर, इंजीनियरिंग की बात करें तो इस बार स्थिति कुछ बेहतर हो सकती है। पिछले शैक्षणिक सत्र में प्रदेश में दो इंजीनियरिंग कॉलेजों पर ताला लटका था। विवि प्रबंधन के मुताबिक, इस वर्ष किसी भी महाविद्यालय ने क्लोजर के लिए अब तक अर्जी नहीं दी है। ऐसे में इस वर्ष इंजीनियरिंग कॉलेज के बंद होने के आसार नहीं हैं। वर्तमान में प्रदेश में इंजीनियरिंग की 10 हजार 279 सीटें हैं। ये सीटें बीई की हैं। डिप्लोमा इंजीनियरिंग की 7 हजार 599 सीटें हैं। बीते कुछ सालों में डिग्री की जगह डिप्लोमा को छात्र प्राथमिकता दे रहे हैं। इस बार इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 13 जून को व्यापम द्वारा ली जाएगी।

### 13 जून को होगी पीईटी, फॉर्मेसी प्रवेश परीक्षा भी इसी दिन



- बीते वर्ष बंद हुए थे दो इंजीनियरिंग महाविद्यालय वर्तमान में 10 हजार 276 सीटें

### मिल सकता है फायदा

इंजीनियरिंग की खाली रह गई सीटों को भरने के लिए प्रतिवर्ष कई तरह के प्रयास किए जाते रहे हैं। पिछले साल अन्य राज्यों के छात्रों के लिए भी सभी सीटों में दाखिले खोल दिए गए थे। इसके पूर्व सिर्फ 10 फीसदी सीटों पर ही दूसरे राज्य के छात्रों को प्रवेश देने का प्रावधान था। इस साल नियमों में बदलाव करते हुए बीवॉक तथा डीवॉक के छात्रों को भी लेटरल एंट्री की अनुमति दी गई है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में इंजीनियरिंग की आधी सीटें रिक्त रह गई थीं। नए नियम से इस बार थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद कॉलेजों को है।

## खबर संक्षेप

### फूड डिलीवरी ब्वॉय से लूट-मारपीट, घसीटा भी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक फूड डिलवरी ब्वॉय ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ नकदी छह हजार रुपए तथा मोबाइल लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित पृथ्वी साहू ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात वह फूड डिलीवरी कर लौट रहा था, इसी दौरान शंकरनगर टर्निंग के पास तेज रफ्तार बाइक में आ रहे तीन बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर रोका और उसके साथ मारपीट कर कैश तथा मोबाइल लूट लिया। बदमाश पृथ्वी को अपनी बाइक में करीब पांच सौ मीटर तक घसीटते ले गए। बाइक से घसीटे जने से पृथ्वी के हाथ, पैर तथा जांघ में चोटें आई हैं।

### पार्सल छंटनी करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में पार्सल कंपनी में काम करने वाले एक कर्मचारी ने अपने एक अन्य सहकर्मी के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हेमंत चतुर्वेदी ने जगन्नाथ जगत के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हेमंत ने पुलिस को बताया कि वह कंपनी में पार्सल छंटाई कर रहा था, इसी दौरान जगन्नाथ उसके पास पहुंचा और छंटनी के लिए रखे सामान को जबरन मांगने लगा, विरोध करने पर जगन्नाथ ने राहुल के साथ मारपीट की।

### पर्यावरणविद तथा परिवार को बंधक बनाकर चोरी

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक पर्यावरणविद एसके पौराणिक ने अज्ञात चोर के खिलाफ घर को लॉक कर ढाई हजार रुपए नकदी सहित 80 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा साउंड सिस्टम चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रविवार तड़के कोई अज्ञात चोर उनके कमल विहार स्थित मकान के अंदर दाखिल हुआ और उनके तथा उनकी बेटियों के बेडरूम बंद कर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

ट्रेन में चढ़ने और उतरने में बुजुर्गों को हो रही दिक्कत

# भीड़ इतनी कि रोज स्टेशन पर ही छूट रहे दर्जनों रेलयात्री, दिनभर में 40 से अधिक चेन पुलिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शादी के मुहूर्त खत्म हो चुके हैं, लेकिन ट्रेनों में भीड़ कम नहीं हो रही है। दिल्ली, मुंबई, हावड़ा और सूरत जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ इस कदर है कि रोज मंडल में 40 से अधिक यात्रियों को ट्रेन से बाहर आने के लिए चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकनी पड़ रही है। जनरल व स्लीपर कोच के यात्री ज्यादातर चेन पुलिंग कर रहे हैं। हरिभूमि ने रविवार को इसकी पड़ताल की तो पता चला कि चेन पुलिंग के कारण ही ट्रेन अपने निर्धारित समय से 5 से 10 मिनट विलंब से छूट रही है। आमतौर पर लंबी दूरी की ट्रेनों का स्टॉपेज 10 मिनट का होता है, लेकिन स्टेशन में ट्रेन पर चढ़ने और उतरने वालों की भीड़ इतनी ज्यादा होती है कि यात्रियों के लिए 10 मिनट का समय भी कम पड़ जाता है। भीड़ के कारण बुजुर्गों को काफी दिक्कत हो रही है। स्टेशन प्रबंधन के मुताबिक, रोजाना दर्जनभर से अधिक यात्री भीड़ के कारण ही ट्रेन में चढ़ नहीं पा रहे हैं। इसी तरह जनरल और स्लीपर के यात्री भी निर्धारित समय और चेन पुलिंग के बाद भी नहीं उतर पा रहे हैं। ऐसे यात्रियों को दुर्ग या फिर तिल्दा, भाटापारा से फिर रायपुर आना पड़ रहा है।





### सामान चढ़ाने-उतारने में ही 10 मिनट खत्म

स्टेशन में ट्रेन आने के बाद 3 मिनट का समय केवल कोच में चढ़ने और उतरने के लिए प्रयास तथा धक्कामुक्की में ही निकल जाता है। बाकी का समय सामान उतारने में खत्म हो जाता है। रविवार की दोपहर जब गोंडवाना एक्सप्रेस रायपुर पहुंची तो एक स्लीपर कोच से स्टेशन में उतरने वाले यात्री 16 थे, वहीं चढ़ने वाले यात्री उससे भी अधिक थे। ऐसी स्थिति जनरल कोच की भी थी। दो बार चेन पुलिंग हुई, जिसके बाद दर्जनों यात्री सामान लेकर ट्रेन में चढ़ सके। ट्रेन रायपुर से 10 मिनट लेट हो गई। ऐसी स्थिति सभी स्टेशनों में बन रही है। इस कारण ट्रेन 18 से 24 घंटे तक विलंब से चल रही हैं।


### लंबी दूरी ट्रेनों में चेन पुलिंग अधिक

जानकारी के मुताबिक सामान्य दिनों में 8 से 10 ट्रेनों में ही चेन पुलिंग होती थी, लेकिन अब एक ट्रेन में 2 से 3 बार चेन पुलिंग होने लगी है। इस वजह से एक दिन में 50 से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। ट्रेनों के विलंब से चलने का प्रमुख कारण चेन पुलिंग भी है। लंबी दूरी की ट्रेनों में भारी भीड़ है और इनमें ही पुलिंग अधिक हो रही है।

### दुर्ग-जबलपुर समर स्पेशल में 20 फीसदी से कम यात्री, रेलवे ने किया रद्द

रेलवे बोर्ड जबलपुर से रायपुर के बीच सेमी हाईस्पीड ट्रेन चलाने की तैयारी कर रहा है, वहीं दुर्ग-जबलपुर समर स्पेशल के परिचालन के लिए रेलवे को पर्याप्त यात्री ही नहीं मिल रहे हैं। पश्चिम मध्य रेलवे की ओर से 20 मई से 17 जून 2024 तक 5 फेरे के लिए जबलपुर-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल चलाने का फैसला लिया गया था, लेकिन अभी तक रेलवे को 20 फीसदी से भी कम यात्री मिले, इस वजह से अब इस स्पेशल ट्रेन को रद्द किया गया है। कम यात्रियों के साथ ट्रेन के परिचालन से रेलवे को घाटा होगा। यात्रियों की मांग पर रेलवे ने जबलपुर रूट पर ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया था, लेकिन यात्रियों का रुझान कम नजर आया। टिकट बुकिंग कम देखते हुए रेलवे ने दुर्ग-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन रद्द कर दिया है।

## आधा दर्जन टंकियों से 15 मई की शाम नहीं होगी पानी की आपूर्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में 15 मई की शाम राजधानी की छह टंकियों से पानी की आपूर्ति ठप रहेगी। भाठागांव स्थित 47.5 एमएलडी क्षमता के फिल्टर प्लांट के पुराने प्लांट की रॉ वाटर पाइपलाइन को नई 80 एमएलडी रॉ वाटर पाइपलाइन से इंटर कनेक्ट किया जाना है। इस कारण बुधवार की सुबह पानी की आपूर्ति की जाएगी, इसके बाद शाम के समय जल आपूर्ति नहीं होगी।

- 50 हजार शहरवासी होंगे प्रभावित
- काम के दौरान 10 घंटे का शटडाउन रहेगा

राजधानी में पाइपलाइन से इंटर कनेक्शन का काम करने जल विभाग 10 घंटे का शटडाउन लेगा। इस दौरान 15 मई की शाम शहर की छह टंकियों से जल आपूर्ति नहीं होगी। इससे करीब 50 हजार शहरवासी प्रभावित होंगे। काम पूरा होने के बाद 16 मई की सुबह नियमित जल आपूर्ति शुरू होगी।

### इन टंकियों से जल आपूर्ति रहेगी बाधित

फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेंद्र ने बताया, कि पाइपलाइन के इंटर कनेक्शन कार्य के कारण बैरनबाजार की पुरानी और नई टंकी, देवेंद्र नगर की नई और पुरानी टंकी, संजय नगर पानी टंकी और महापौर निवास स्थित टंकी से पानी सप्लाई प्रभावित रहेगी। प्रभावित इलाकों में मांग के अनुसार वैकल्पिक रूप से टैंकर भेजकर जल आपूर्ति की जाएगी।

### पत्नी की पिटाई, पिता से भी मारपीट

**रायपुर।** आपसी विवाद पर पत्नी की पिटाई करने वाले युवक ने बीच-बचाव करने पर नाराज होकर अपने पिता को भी पीट दिया। कबीर नगर थाने की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी जितेंद्र बोमाडे ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा कैलाश अपनी पत्नी को घसीट-घसीटकर पीट रहा था। उसकी इस हरकत का जब प्रार्थी ने विरोध किया तो वह आपा खो बैठा और पिता से मारपीट करने लगा। आरोपी ने पिता के बाएं हाथ की उंगली भी काट ली। घटना के बाद फरार आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

## लॉ विस्टा में माली ने उड़ाए थे 28 लाख के जेवर-कैश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के सबसे ज्यादा सुरक्षित और पॉश कॉलोनियों में से शुमार लॉ विस्टा के एक बंगले में लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने बंगले में काम करने वाले माली को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार माली ने बंगले की रेकी करने के बाद अपनी बायोममेट्रिक फिंगर का दुरुपयोग करते हुए बंगले के अंदर प्रवेश किया तथा चोरी की घटना को अंजाम दिया।

- पॉश कॉलोनी में बायोमैट्रिक फिंगर का दुरुपयोग कर माली घर में घुसा

पुलिस ने चोरी के अन्य पांच मामलों का भी खुलासा किया है। सभी मामलों को मिलाकर जांच टीम को 40 हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा पुलिस अफसरों ने की है। मामले का खुलासा करते हुए आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी ▶▶|शेष पेज 11 पर



### सीसीटीवी फूटेज से हुआ चोरी का पर्दाफाश

लॉ विस्टा में चोरी की घटना की सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल पुलिस कर रही थी, इसी दौरान पुलिस ने देखा कि घर का माली एक निर्माणाधीन मकान में बगैर किसी कारण के प्रवेश कर रहा है। इसी दौरान पुलिस का घर के माली पर चोरी करने का संदेह बढ़ गया और पुलिस ने फूटेज के आधार पर माली से पूछताछ की तो पहले वह पुलिस को गोलमोल जवाब देने लगा। सख्ती से पूछताछ करने पर माली ने चोरी करना कबूल किया।

### पकड़े जाने के डर से विदेशी करंसी ट्रेन से हवा में उड़ा दी

इधर, एक माह पूर्व देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में चोरी की दो घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने ओडिशा के दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक चोरी के आरोप में ओडिशा बलांगीर निवासी सुनील सोना उर्फ बिलवा तथा लक्ष्मण छुरा उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया है। चोरों ने एक घर से लाखों रुपए की विदेशी मुद्रा के साथ सोने-चांदी तथा डायमंड के जेवर चोरी करने की घटना को अंजाम दिया था। चोरों ने विदेशी मुद्रा के साथ गिरफ्तार होने की स्थिति में उनके ऊपर टेररिस्ट एक्ट के तहत कार्रवाई होने की डर से चलती ट्रेन से विदेशी मुद्रा हवा में उड़ा दी। बदमाशों ने चोरी की रकम तथा जेवर छिपाने के लिए अपने घर में एक सुरंग बनाकर रखी थी। खरोरा चोरी में भी आरोपी धरे गए हैं।

## 20 करोड़ की पाइपलाइन में नहीं बना प्रेशर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के जोन-1 स्थित गुढ़ियारी इलाके के 4 वार्डों पानी की समस्या दूर करने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 8 साल पहले 20 करोड़ खर्च कर नई पाइपलाइन बिछवाई, पर इतना समय बीतने के बावजूद वार्डवासियों को पीने का भरपूर पानी नहीं मिल पाया। ढलान का ध्यान रखे बिना आनन-फानन में बिछाई गई पाइपलाइन से पानी का प्रेशर बहुत कम आने से वार्डवासी परेशान हैं। तेज गर्मी में बोरवेल्स सूखने ▶▶|शेष पेज 11 पर

### गुढ़ियारी क्षेत्र के 3 वार्डों में नई पाइपलाइन का लोगों को नहीं मिल पाया लाभ

### घोषणा के बावजूद नहीं बनी नई पानी टंकी

दीक्षा नगर में गीतांजलि सोसायटी के पास जमीन चिन्हांकित कर वहां नई पानी टंकी बनाने जोन-1 से प्रस्ताव भेजा गया। इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 19 करोड़ रुपए की लागत से नई पानी टंकी बनवाने की घोषणा भी की, ▶▶|शेष पेज 11 पर



### ढलान का नहीं रखा ध्यान इसलिए प्रेशर कम

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित ठेकेदार ने 3 वार्डों में नई पाइपलाइन बिछाते समय ढलान का ध्यान नहीं रखा। रहवासियों का कहना है, मुख्य मार्ग पर 6 इंच की पाइपलाइन डालने के बाद संकरी गलियों में जहां 4 इंच की पाइपलाइन बिछानी थी, वहां 6 इंच की पाइपलाइन बिछाने से पानी का प्रेशर कम हो गया है। कुछ ▶▶|शेष पेज 11 पर

हटाए जा चुके हैं उद्यानिकी विवि के कुलपति प्रो. कुरील

## कुलपति के बाद सहायक प्राध्यापकों पर गिर सकती है गाज

### उद्यानिकी विवि को मिल सकता है नया कुलपति, फिलहाल संभागायुक्त को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महात्मा गांधी उद्यानिकी विवि के कुलपति को उनके पद से हटाए जाने के बाद फर्जी तरीके से नियुक्त हुए सहायक प्राध्यापकों पर भी गाज गिर सकती है। जिन सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति फर्जी तरीके से किए जाने के आरोपों के आधार पर कुलपति को पद से हटाया गया ▶▶|शेष पेज 11 पर



**कुलपति का पद रिक्त :** डॉ.कुरील को हटाए जाने के बाद संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग को यहां का प्रभार दिया गया है। उद्यानिकी विवि के वर्तमान कुलपति की नियुक्ति 2022 में की गई थी। बतौर कुलपति उनका तीन वर्ष से अधिक का कार्यकाल शेष था। अब विवि में कुलपति का पद रिक्त हो गया है।

### पीएचडी धारियों ने भी किए थे आवेदन

एक वर्ष पूर्व अप्रैल माह में उद्यानिकी विवि द्वारा पहला आवेदन निकाला गया था। उस वक्त 3 पदों के लिए आवेदन मांगे गए। दूसरा विज्ञापन जुलाई में निकालते हुए 36 पदों के लिए आवेदन मांगे गए। इस तरह से कुल 39 पदों पर भर्ती होनी थी, लेकिन ▶▶|शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

आवश्यक सूचना

हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय रायपुर में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।

उपहार प्राप्त करनें का समय सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान : हरिभूमि कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-4242238

## खबर संक्षेप

### दुकालू यादव का जगराता आज हाईस्कूल मैदान पर

**तरपोंगी।** स्थानीय ग्राम तरपोंगी में 13 मई को रात्रि 9 बजे से हाई



स्कूल मैदान में दुकालू यादव का जस जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन स्थानीय सर्व हिंदू समाज द्वारा रखा गया है।

### साव ने कहा, चुनाव के बाद निगम-मंडलों में नियुक्तियों पर विचार

**रायपुर।** प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव का प्रदेश में निगम-



मंडल और मंत्रिमंडल को लेकर बड़ा बयान सामने आया है। उनका कहना है, लोकसभा चुनाव के बाद निगम, मंडलों में नियुक्ति पर विचार होगा। साथ ही मंत्रिमंडल को लेकर कहा, सक्षम फोरम पर बात करके ही फैसला होगा। उनका कहना है, लोकसभा चुनाव की भी भाजपा समीक्षा करेगी। श्री साव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा का चुनाव सामने आ गया। अब सभी इस चुनाव में व्यस्त हैं। लोकसभा चुनाव समाप्त होने और इसका परिणाम आने के बाद प्रदेश में जहां मंत्रिमंडल में बचे मंत्री पद को लेकर चर्चा होगी, वहीं निगम और मंडलों में नियुक्तियों को लेकर भी फैसला किया जाएगा। श्री साव ने कहा, भाजपा का संगठनात्मक आधार बहुत मजबूत है। एक-एक कार्यकर्ता को लंबे समय से चुनाव में काम करने का अनुभव है। उन अनुभव के आधार पर हमने आकलन किया है। 11 की 11 सीटें बहुत आसानी से जीत रहे हैं। श्री साव ने कहा, प्रदेश में मतदान का रुझान उत्साहजनक रहा है। भाजपा पूरी 11 सीटें जीतने वाली है। हमारे नेताओं को ओडिशा-झारखंड में सहयोग करने की जिम्मेदारी मिली है। मैंने भी कालाहांडी में प्रचार किया। ओडिशा में परिवर्तन की हवा चल रही है। नवीन पटनायक की सरकार ने लोगों के सपनों के साथ खिलवाड़ किया है। वहां की सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। ओडिशा की जनता परिवर्तन चाहती है। श्री साव ने कहा, राहुल गांधी हमारे छोटे से कार्यकर्ता से डिबेट करके देख लें। कांग्रेस पार्टी मुद्दाविहीन है, वे हमारे एक सामान्य कार्यकर्ता से डिबेट नहीं कर सकते, प्रधानमंत्री से डिबेट क्या कर पाएंगे। कांग्रेस द्वारा मारे गए नक्सलियों को ग्रामीण बताए जाने के बयान पर श्री साव ने कहा, कांग्रेस सेना और सुरक्षाबलों के कार्यों पर प्रश्नचिन्ह लगाने की आदी हो चुकी है। कांग्रेस ने पांच सालों में नक्सलवाद को पाला-पोसा। अब जब कार्रवाई हो रही है तो उनके पेट में दर्द हो रहा है। कांग्रेसियों को बस्तर के लोगों और उनके विकास की चिंता नहीं है।

### रबी के धान से मंडियां आबाद इस बार अच्छी कीमत, महामाया बिका 2300 रुपए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रबी फसल की कटाई के बाद अंचल के किसान धान विक्रय के लिए जिलों के विभिन्न कृषि उपज मंडियों तक पहुंच रहे हैं। इन दिनों मंडी में लगभग 20 हजार क्विंटल से अधिक धान की आवक हो रही है। ज्यादातर किसान धान की किस्में आईआर-64, ओम-3, महामाया लेकर पहुंच रहे हैं। मंडी में किसानों को 2142 रुपए से 2300 रुपए कीमत मिल रही है। मंडी में धान की आवक बढ़ने के साथ ही साथ यहां कार्यरत हमालों को भी पर्याप्त काम मिल रहा है। रबी फसल की कटाई-मिंजाई के बाद कृषि उपज मंडी धमतरी, कुरुद, राजनांदगांव, भाटापारा, नवापारा, रायपुर में धान की आवक बढ़ गई है। धमतरी मंडी के प्रभारी सचिव संजीव वाहिले ने बताया कि मंडी में इन दिनों लगभग आठ से दस हजार क्विंटल धान की आवक हो रही है। धान की अच्छी कीमत मिलने से किसान खुश हैं। आईआर 64 का दाम 1960 से 2082 रुपए प्रति क्विंटल का भाव चल रहा है। मंडी में 1010 धान 1901-2055, सरना 2029 से 2096 रुपए, ओमश्री 2299 से 2395 रुपए तथा आरबी गोल्ड 2185 से 2220 रुपए का रेट चल रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र द्वारा राज्यों के लिए धान का समर्थन मूल्य सामान्य धान के लिए 2160 रुपए और ए ग्रेड धान के लिए 2180 रुपए घोषित किया गया है।

# समोदा विद्यालय में मातृत्व दिवस पर सैकड़ों माताओं का किया गया सम्मान

**कार्यक्रम में मां की महिमा पर गीत, कविता, भाषण व नृत्य की प्रस्तुति दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नवसृजन पब्लिक स्कूल समोदा में रविवार को मातृत्व दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र–छात्राओं और उपस्थित माताओं ने मां की महिमा पर पोयम, गीत, कविता, भाषण व नृत्य प्रस्तुत किया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं माताओं के लिए क्विज, कुर्सी दौड़ आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होने बढ़–चढ़कर भाग लेते हुए सभी गतिविधियों का आनंद लिया। इस अवसर पर शालेय प्रबंधन ने लगभग 300 माताओं को शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। वहीं प्रबंधन समिति के प्रमुख सलाहकार छत्रधारी सोनकर ने



अपने उद्बोधन में कहा वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का दौर है, जिसमें बच्चों को तैयार करने में माताओं की भूमिका अग्रणी है। उन्होंने कहा समिति का प्राथमिक उद्देश्य शिक्षा का विकास व विस्तार करना है। इसी कड़ी में भानसोज में विद्यालय की नई शाखा नवसृजन पब्लिक स्कूल व गिधपुरी में नवसृजन किड्स स्कूल इसी सत्र से प्रारंभ की जा रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धनेश्वरी साहू, नेहा साहू, करुणा देवांगन, सरस्वती मानिकपुरी, निर्मला साहू, खेमलता धुरव, नीलम साहू आदि ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य एच.आर. साहू सहित समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं व स्टाफ की भूमिका रही। मंच का संचालन दिनेश साहू ने किया।

**प्रवचन : लोधीपारा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण नाम की महिमा का किया वर्णन**

# भगवान श्री वराह का अवतार संतोष धन का देता है संदेश : युगल शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

रविवार को श्री सार्वजनिक गौरा गुड़ी समिति केवशी लोधी पारा के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के द्वितीय दिवस व्यास पीठ आचार्य पं. युगल किशोर शर्मा ने प्रभु श्री राधामाधव के मंगलाचरण से कथा की शुरुआत की एवं वराह अवतार के संबंध में कहा कि लोभ को संतोष से मारो वास्तव में वराह अवतार संतोष रूपी धन की ही स्वरूप है।

लोभ और लालच से दूर रहकर कन्हैया हमें जिस स्थिति में रखें उसका उनके प्रति आभार माने यही वराह अवतार का रहस्य है। उन्होंने श्रीमद् भागवत के प्रथम मंत्र की व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान सत चित आनंद स्वरूप हैं और जब व्यक्ति सत्य को धारण कर लेता है तो उसके चित में आनंद समाने लगता है। उन्होंने कहा की आज व्यक्ति लोभ, लालच एवं स्वार्थ के वश में होकर सत्य के स्वरूप को भूलता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सत्य के वास्तविक स्वरूप को जानने की अत्यंत आवश्यकता है ताकि हमारा समाज सुंदर बने। उन्होंने भगवान के सत्यनारायण स्वरुप का ध्यान कराया सपरीक्षित को उन्होंने उत्तम श्रोता बताते हुए कहा कि उन्होंने उत्तरा के गर्भ में ही भगवान के दर्शन कर लिए थे। उन्होंने आगे कहा कि जंगल में वृक्षों के तले बैठकर काम का दमन करना तो ठीक है किंतु इस दुनिया के मायावी जाल में रहकर भी यदि काम को जीता जाए तो परमात्मा के निकट पहुंचना आसान है।




**भगवान श्री कृष्ण के चिंतन से काम नहीं सताता**

श्रीकृष्ण को कामदेव पराजित नहीं कर सका क्योंकि श्रीकृष्ण और भोलेनाथ दोनों योगेश्वर हैं। श्रीकृष्ण का चिंतन मनन करने वाले को काम सता नहीं सकता, जिसे काम अधीन ना कर सके वह ईश्वर है, जो काम के अधीन है वह जीव है। उन्होंने कहा कि जातियां समाज का सौंदर्य है जैसे गुलशन में खिले हुए अनेक प्रकार के फूल फिर भी हम सत्य के वास्तविक प्रकाश को भूलकर अंधरे की ओर बढ़ने लगते हैं यही विडंबना है और श्रीमद भागवत कथा के रसपान से जीवन का सुंदर मार्ग प्रशस्त होने लगता है। आगे उन्होंने कहां की यह शरीर पांच तत्वों से मिलकर बना है और मनुष्य ही श्रेष्ठ है क्योंकि उसके पास ज्ञान, विवेक और बुद्धि है वह गृहस्थ जीवन में रहकर भी संयम, सेवा, और सादगी को अपने आचरण में प्रस्तुत कर तप कर सकता है। उन्होंने वेद, उपनिषद, गीता का उदाहरण देते हुए कहा कि भावशुद्धि सबसे बड़ा तप है। उन्होंने अन्तःकरण की पवित्रता पर प्रेरित किया तथा ऋषभदेव को आदर्श पिता बताते हुए माता सती प्रसंग, कपिलोख्यान एवं ध्रुव चरित पर भी प्रकाश डाला। आचार्य युगल ने अपने व्याख्यान में कहा कि दक्ष प्रजापति ने देवों के देव महादेव से बैर किया अर्थात सद्भाव नहीं रखा जो यज्ञ के विध्वंस का कारण बना, उन्होंने कहा की जीवन में यदि नीति रीति और प्रभु के प्रति–प्रीति हो तो व्यक्ति नित्य त्रिवेणी संगम स्नान का लाभ प्राप्त करता है। इस दौरान श्रोतागण राधे–राधे, हरि बोल की मधुर भजनों से भक्ति रस मे डूबकर नाचने भी लगे एवं महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। ज्ञात हो की इस ज्ञान यज्ञ में समिति की ओर से समस्त मोहल्लेवासी एवं गणमान्य नागरिक भी बहुत अधिक संख्या में कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं एवं समितिवासियों ने श्रद्धालुगणों से अधिक से अधिक संख्या में पधारने का निवेदन भी किया है।

# कुथरेल में धूमधाम से मनाया गया अक्ती त्योहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

अक्षय तृतीया(अक्ति) के अवसर पर ग्राम पंचायत कुथरेल में धूमधाम से पुतरा पुतरी का विवाह किया गया। वहीं बाजे -गाजे के साथ मोहल्ले और ग्रामवासी चुलमाटी गए एवं गुरुवार मायन का कार्यक्रम रखा गया और शुक्रवार अक्षय तृतीया(अक्ति) के दिन धूम धाम से बाजे और अतिशबाजी के साथ पूरे गांव के लोग इकट्ठा होकर पुतरा-पुतरी का नाचते झूमते बारात निकाले और अंतिम में रात्रि में टिकावन हुआ। उसके साथ प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच रेमन पाल, मोहन सेन, सनत साहू, गिरधारी पाल, सुदर्शन पाल, तारण पाल, प्रहलाद यादव, रितेश पाल, दीपेश वर्मा, उमेश निषाद, धनेंद्र पाल, युधिष्ठिर निषाद, हिमांशु साहू, राम यादव, ओम पाल, लोकेश, योगेश, चंचल साहू, यामिनी पाल, दुर्गा पाल, मोनिका, डिगेश्वरी, दिशा, नैना, पूजा एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### 27 से कुटेला में शिव महापुराण की कथा



**आरंग।** ग्राम कुरुद (कुटेला) के रामे"वर शिव मंदिर प्रांगण में 27 मई से 02 जून तक समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से हरिहर शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। जिसमें कथा प्रवक्ता कान्हा महाराज श्रीधाम वृन्दावन वाले है। कथा का समय दोपहर 03 बजे से शाम 06 बजे तक व विष्णु महायज्ञ शाम 06 से 07 बजे तक है। उक्त जानकारी सरपंच डॉ. परसराम साहू ने दी।

# चौधरी बोले- पीएससी के आरोपी देश छोड़ रहे, देना होगा हिसाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का कहना है, पीएससी की जांच के डर से कई लोग गायब हो रहे हैं। कुछ के तो देश भी छोड़ने की बात सामने आ रही



है। किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा। एक-एक को हिसाब देना होगा। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के युवाओं को धोखा देने का काम किया है। सीबीआई जांच में सारा सच सामने आ जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा रवाना होने से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने कहा, पीएससी की सीबीआई जांच को केंद्र सरकार ने नोटिफाई कर दिया है। अब इसकी पूरी जांच होगी। कांग्रेस सरकार में इस मामले में क्या-क्या गड़बड़ी हुई है, इसका पूरा खुलासा होगा। जो भी इस मामले के दोषी हैं, उनको छोड़ा नहीं जाएगा। एक-एक दोषी को हिसाब देना होगा।

**कांग्रेस डूबती नाव**

मंत्री पद के लिए कांग्रेस के बयान एक अनार सौ बीमार पर श्री चौधरी ने कहा, कांग्रेस डूबती हुई नाव है। भाजपा में किसी पद के लिए भगदड़ नहीं मची है। कांग्रेस के पांच सालों में जय और वीरू की नहीं बन पाई। ये दूसरे पर सवाल उठाते हैं, जो हास्यास्पद है। भाजपा में अधिक संख्या में अच्छे नेता उपलब्ध हैं। भाजपा में पद नहीं दायित्व होता है। जो जिम्मेदारी दी जाती है, सभी उसका निर्वहन करते हैं।

# छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव पूरा, आचार संहिता 7 जून तक प्रभावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान हो चुका है। राज्य की सभी 11 सीटों के लिए जारी मतदान की प्रक्रिया 7 मई को



तीसरे और अंतिम चरण के साथ समाप्त हो गई है। इसके बाद ये सवाल उठता है कि राज्य में लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू है या नहीं? इस संबंध में राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने हरिभूमि को बताया कि यहां का मतदान समाप्त होने के बाद भी आचार संहिता पूरी तरह प्रभावशील है। देश के आम चुनावों के लिए 16 मार्च से चुनाव आचार संहिता लागू हो गई थी। 4 जून को परिणाम आने के बाद निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी होने यानी 7 जून तक लागू रहेगी। देश में सात चरणों में लोकसभा का चुनाव हो रहा है।

**सरकार को भी अनुमति लेना आवश्यक**

*राज्य में तीन चरणों का मतदान समाप्त होने के बाद भी छत्तीसगढ़ में आचार संहिता पूरी तरह लागू है, यह कहना है राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले का। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव आचार संहिता में छत्तीसगढ़ के लिए किसी प्रकार की छूट (रिलेक्सेशन) का कोई आदेश नहीं दिया है।*

### प्लास्टिक कचराः सीमेंट कंपनियों से एमओयू करेंगे नगरीय निकाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय क्षेत्रों में जमा होने वाले प्लास्टिक कचरा के निपटारे के लिए सीमेंट क्लिन में अपवहन के लिए राज्य के नगरीय निकायों को सीमेंट प्लांट(कंपनियों) से एग्रीमेंट का आदेश नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल यानी एनजीटी ने दिया है। इस संबंध में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त एवं नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश भेजा है। प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए संचालनालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नगरीय निकाय अपने समीपस्थ सीमेंट उद्योग के साथ अनुबंध(एग्रीमेंट) करें। ताकि निकाय में उत्सर्जित अपशिष्ट का प्रबंधन हो सके। इस संबंध में पर्यावरण संरक्षण मंडल से सहयोग एवं समन्वय करने का कहा गया है। यह भी कहा गया है कि जिन निकायों का अनुबंध सीमेंट उद्योग से हो चुका है उनके अनुबंध के अनुसार कार्यवाही की जाए। बताया गया है कि अभी भी कुछ निकायों में बेलिंग एवं फटका मशीन, थ्री फेस बिजली कनेक्शन के अभाव में चालू नहीं हो पाया है वहां थ्री फेस कनेक्शन लेकर मशीन को चालू करें।

# प्रदेशभर में चाकूबाजी-लूट की वारदातें आम, अपराधी बेलगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। मासूम बच्चियों के साथ दुराचार की घटनाएं बढ़ गईं। पांच



माह में प्रदेश में 36 से अधिक हत्या की घटनाएं हो चुकी हैं। राजधानी रायपुर में तीन गोलीकांड, लूट, चाकूबाजी, चेन स्नेचिंग तो रायपुर की पहचान बन गए हैं।

उन्होंने कहा, भाजपा राज के पांच महीने में ही छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है। दुर्ग में 16 वर्ष की मासूम बच्ची के गले में ब्लेड मार कर हत्या की कोशिश की गई। दो महीने में राजधानी में सरेआम गोलीबारी की दो घटनाएं हो गईं। राजिम में एक 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ इसी हफ्ते, बालोद जिले में 2 वर्षीय बच्ची के साथ, अंबिकापुर जिले में नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार की घटना घटी है। गृहमंत्री के गृह क्षेत्र कवर्धा में सरेआम हत्या हो गई। ऐसी ही घटना पर सांप्रदायिकता का जहर घोलने वाले भाजपाई इस घटना पर मौन हो गए हैं। राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के सभी शहरों में लगातार हत्या, लूट, चाकूबाजी की घटनाएं बढ़ गई हैं। प्रदेश के हर शहर में चाकूबाजी, लूट की वारदातें आम हो गई हैं। सरकार बदलते ही ऐसा लगने लगा है, जैसे कानून का राज समाप्त हो गया है।

### सुशील ने कहा- 18 लाख आवास का दावा फेल

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों की संख्या को स्वीकृति ही नहीं दी है। राज्य सरकार इसकी घोषणा कर अपनी पीठ थपथपा रही है। कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में



सच्चाई है तो स्वीकृत आवासहीनों के नाम सार्वजनिक किए जाएं। मोदी सरकार बताए, 18 लाख आवासों में से कितने आवास केंद्र ने स्वीकृत किए? मोदी सरकार ने राज्य के 18 लाख आवासों में से एक भी मकान की स्वीकृति नहीं दी। उन्होंने कहा, पीएम आवास योजना 2015 में लागू हुई, तब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी। 2011 की जनगणना को आधार मानकर छत्तीसगढ़ के लिए 18 लाख आवास का लक्ष्य तय किया गया था। 2015 से 2018 तक रमन सरकार के दौरान मात्र 2 लाख 37 हजार ग्रामीण पीएम आवास तथा 19 हजार शहरी पीएम आवास बने। 2018 से 2023 तक भूपेश सरकार ने 10 लाख से अधिक पीएम आवास बनाए। शेष लगभग 7 लाख आवास बनाने के लिए भूपेश बघेल सरकार ने विगत बजट में 3234 करोड़ का प्रावधान किया तथा 7 लाख आवासहीनों के लिए मकान बनाने पहली किस्त अक्टूबर में ही भूपेश सरकार ने डाल दी थी।

**केंद्र में पाठ्यक्रम शिक्षा के साथ लेखन की भी जानकारी देते हैं**

# शिक्षादान केंद्र का छात्र टीकम चेलक विद्यालय में टाप पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छात्र–छात्राओं के शैक्षिक स्तर में सुधार व बच्चों को बेहतर कोचिंग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर के स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन विगत दो–तीन वर्षों से गायत्री शक्तिपीठ आरंग के संयुक्त संयोजन में शिक्षादान केंद्र संचालन कर रहे हैं। जिसमें फाउंडेशन के संरक्षक भुनेश्वर साहू, अध्यक्ष दूजेराम धीवर, संयोजक महेन्द्र पटेल, छत्रधारी सोनकर, होरीलाल पटेल, कोमल लाखोटी, यादेश देवांगन, ब्रजेश अग्रवाल आदि ने मिलकर प्रतिमाह राशि एकत्रित कर शिक्षादान केंद्र संचालन के लिए नगर के होनहार छात्र रहे नीरज साहू को प्रदान करते रहे। वहीं इंजीनियरिंग के छात्र रहे नीरज साहू वर्षभर पूरी निष्ठा के साथ समर्पित भाव से शिक्षादान केंद्र में प्रतिदिन छठवीं से बारहवीं



तक के छात्र–छात्राओं की कठिनाईयों को हल कराया। जिसके तहत कक्षा दसवीं के लिए वर्ष भर विशेष कक्षाएं लगाई गई। जिसमें गणित विज्ञान अंग्रेजी इत्यादि विषयों की पुनरावृत्ति कराया गया। साथ ही बीच–बीच में लेखन कौशल की जानकारी दी गई। वहीं अरूंधति देवी विद्यालय के छात्र टीकम चेलक कक्षा दसवीं में 89.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं कन्या शाला की रोशनी बंजारे 86.1 प्रतिशत, सृजन सोनकर स्कूल की छात्र हिमांशी पटेल 85 प्रतिशत तथा कन्या हॉस्टल की 15 में से 7 छात्रओं ने प्रथम श्रेणी में तथा शेष छात्राएं अच्छे अंको से उत्तीर्ण की है। यह सभी छात्र–छात्राएं नियमित रूप से शिक्षादान केंद्र में शिक्षा ग्रहण किये है। वहीं कन्या हास्टल प्रबंधन से प्राप्त जानकारीनुसार पहली बार कन्या हास्टल की कोई छात्र दसवीं में 86 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित की है। जिससे हास्टल प्रबंधन में हर्ष की लहर है। वहीं हास्टल प्रबंधन व छात्र–छात्राओं ने इस उपलब्धि के लिए पीपला फाउंडेशन शिक्षा दान में पढ़ाने वाले नीरज साहू, कन्या स्कूल के प्राचार्या सरोजिनी केरकेट्टा सहित समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं को इस उपलब्धि का श्रेय दिये है। वहीं कन्या हास्टल प्रबंधन, कन्या स्कूल के प्राचार्या सरोजिनी केरकेट्टा, अरूंधति देवी स्कूल के प्राचार्य हरीश शर्मा व शिक्षक–शिक्षिकाओं ने पीपला फाउंडेशन द्वारा संचालित शिक्षादान केंद्र की उन्मुक्त कंठ से सराहना किए हैं। सभी होनहार छात्र–छात्राओं को पीपला फाउंडेशन ने बधाई दिए है।


# 10वीं में ट्विंकल व 12वीं में अनिश रहे प्रथम

**नेवरा तिल्दा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा के कक्षा 10वीं में ट्विंकल साहू व कक्षा 12वीं में अनिश वर्मा का विद्यालय में प्रथम स्थान रहा। हाई स्कूल परीक्षा में 45 विद्यार्थियों ने शामिल हुए। जिसमें 36 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा का कुल प्रतिशत 80% रहा।



कक्षा में प्रथम स्थान ट्विंकल साहू 93.83 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पायल निषाद 92.83%, तृतीय स्थान तनीषा कश्यप 89.16% का रहा। हायर सेकेंडरी परीक्षा में कुल 60 विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें से 50 उत्तीर्ण हुए। कक्षा का कुल प्रतिशत 83.3% रहा। कक्षा में प्रथम स्थान अनिश वर्मा 83.40%, द्वितीय स्थान भास्कर वर्मा 81.20% , तृतीय स्थान लिकेश 79.80% का रहा। समिति के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, व्यवस्थापक दिलीप वर्मा, पूर्व व्यवस्थापक दिलीप शर्मा, समिति सदस्य स्वप्निल श्रीवास्तव, प्राचार्य वासुदेव साहू ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चकल्लस



## ठालू टाइप मेंबर ...

सुबह से शाम तक पब्लिक के काम कराने वाले मेंबर इन दिनों ठालू टाइप होकर घर बैठे हैं। छोटे-छोटे काम कराना हो तो दस बार सोचना पड़ रहा है। जिस अफसर को पहले घुड़की लगाकर काम करवा लेते, अब सीधे मुंह उससे बात नहीं कर सकते। डर ये है कि आचार संहिता में कहीं उलटा-पुलटा न हो जाए। नेताजी से ज्यादा चंगू-मंगू परेशान सो एक दिन पूछ बैठे, कब तक ऐसा चलेगा यही हाल रहा तो हाथ-पांव भी काम करना बंद देंगे। यहां तो कोई पूछने तक नही आ रहा। मेंबर ने धीरे से कहा सब्र करो ये दिन भी कट जाएंगे।

## पानी का हिसाब ...

पानी का बंदोबस्त करने वाले साहब टेंशन में चल रहे हैं। किसी ने बड़े साहब के पास शिकायत कर दी कि पानी बेचकर ठेकेदार मालामाल हो रहे हैं। जहां जरूरत नहीं वहां टैंकर दौड़ा रहे, जहां डिमांड है वहां टैंकर नहीं जा रहा है। बड़े साहब भन्नाए और पानी वाले साहब को बुलाकर क्लास ली। उन्हें चमकाते हुए कहा कि जब से इंचार्ज बने तब से पानी का हिसाब दो, कहां और कितना पानी भेजा, कितने से पैसा लिया कितना उधार रिपोर्ट चाहिए। तब से पानी वाले साहब खाना-पीना छोड़ पानी का हिसाब निकाल रहे हैं। बेचारे उस दिन को कोस रहे जब वे पानी का इंचार्ज बने।

## अहाते का प्रमोशन...

छत्तीसगढ़ में शराब दुकानों के पास पीने वालों की सहूलियत के पहले के जमाने में पसरा बिछाकर लोग बैठते और चखना का सामान बेचा करते थे, लेकिन समय बदलने के साथ ही जब पीने-पिलाने वाले अधिक हो गए तो शराब दुकानों के पास अहाते खुलने लग गए। अब सरकारों ने अहातों को भी लायसेंसी बना दिया है और ये सरकार के लिए करोड़ों की कमाई का जरिया बन गए हैं। बात इससे आगे की भी है। अहातों को अब एयरकंडीशंड और सर्व सुविधायुक्त बनाया जा रहा है। उसकी कीमत भी करोड़ तक पहुंच रही है। फर्क केवल इतना है कि जो चखना पहले दस बीस रुपए में मिल जाता था वह पचास में मिलेगा।

## कई नेता उम्मीद से...

लोकसभा चुनाव का नतीजा आने का इंतजार कर रहे बहुत से नेताओं में कुछ ऐसे भी हैं, जिन्हें अपने नेताओं की जीत के बाद अपने लिए उम्मीद नजर आ रही है। दरअसल इस चुनाव में एक छत्तीसगढ़ के चार विधायक संसदीय चुनाव में कूदे हैं। अगर ये विधायक चुनाव जीतकर सांसद बन गए तो उनकी विधायक की कुर्सी खाली होगी और उनकी सीटों पर उपचुनाव होंगे। इसी तरह राज्य की सत्ताधारी भाजपा के एक मंत्री और विधायक सांसद बने तो उनकी जगह मंत्री बनने की उम्मीद भी कुछ वरिष्ठ भाजपा विधायक पाले हुए हैं। चुनाव परिणाम आने तक समय बिताने के लिए ये कयास लगाए जा सकते हैं कि कांग्रेस-भाजपा के कौन-से नेता उम्मीद से हैं?

## साधु-संत का सहारा

किसी तरह का संकट आने पर संतों की शरण में जाना आम बात है। संकट जितना भारी होता है, उसके निवारण के लिए उतने ही चर्चित और पहुंचे संतों की आवश्यकता होती है। एक अनियमितता के मामले में जांच के दायरे में आ चुके स्वास्थ्य विभाग के एक आला अफसर का संत के प्रति प्रेम स्वास्थ्य विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ समय पहले छत्तीसगढ़ में प्रवचन देने आए इस संत के कार्यक्रम में अफसर गंभीरता से शामिल हुए। प्रवचन से वे इतने प्रभावित हुए कि उनका हृदय परिवर्तन हो गया और उनसे व्यक्तिगत मुलाकात के लिए उनके गृहग्राम तक के चक्कर लगाते रहते हैं।

## संचालनालय की सीढ़ी दे रही दर्द

शहर के दफ्तरों से निकलकर नवा रायपुर जाने की पीड़ा सह रहे स्वास्थ्य कर्मियों के लिए संचालनालय की सीढ़ी बड़े दर्द का कारण बनी हुई है। स्वास्थ्य संचालनालय की पांचवीं मंजिल तक जाने के लिए तीन लिफ्ट हैं, मगर एकमात्र लिफ्ट ही संचालित है, वह भी अघोषित तौर पर अफसरों के लिए रिजर्व है। निचले स्तर के कर्मचारियों के हिस्से में भवन की सीढ़ियां आती हैं, जिसे काम के नाम पर दिनभर चढ़ना-उतरना उनकी मजबूरी होती है। कर्मचारी संगठन बंद दो लिफ्ट शुरू कराने कई बार पत्र व्यवहार कर चुके हैं, मगर अधिकारियों का ध्यान इस तरफ नहीं जा रहा है।

## हमें तो अपनों ने लूटा

कांग्रेस भवन में जो हुआ, उसकी गूंज देशभर में हुई। मैडम ने आंसू बहाकर अपनी व्यथा बयां की। मतलब पूरी भावनाएं उड़ेलते हुए उन्होंने कांग्रेस को अलविदा कह दिया। कई तरह की बातें होती रही हैं। ऐसा हुआ तो क्यों हुआ टाइप। मामला ठंडा भी हो गया। लेकिन इस बीच कुछ सवाल अनुत्तरित रह गए।सवाल है कि वो कौन था? मतलब वो कौन था जो लड़ाई झगड़े का वीडियो बना रहा था। वो कौन था जो अंदर की बातें बाहर कर रहा था। वो कौन था जितने तिल को ताड़ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। खबरी बता रहा था कि वह अंदर का आदमी कईयों पर भारी पड़ गया। कांग्रेसी दबी जुबां से कह रहे हैं कि हमें तो अपनों ने लूटा...।

## मैं भी चौकीदार के बाद सांय-सांय

भाजपा की एक काम में मास्टरी है। विपक्ष के तानों, आरोपों को हथियार बना लेती है। वह भी विपक्ष के ही खिलाफ। याद कीजिए 2019 को। जब कांग्रेस ने कहा था चौकीदार ही चोर है। कहां गया था पीएम मोदी के लिए। लेकिन उसके बाद भाजपा के सभी बड़े नेताओं ने अभियान चलाकर आक्षेप को ही हथियार बना लिया था। अब ऐसा ही सांय-सांय में हुआ है। कांग्रेस के एक बड़े नेता ने कहा था कि भाजपा की सरकार में महादेव एप भी सांय-सांय चल रहा है। इसके बाद भाजपा ने इस सांय-सांय को इस तरह से लपक लिया है कि अब सभी भाजपाई यही कहते नहीं थकते कि हमारी साय सरकार में सभी काम सांय-सांय हो रहे हैं। भाजपा को कुछ भी कहना हो तो सांय-सांय का प्रयोग आम हो गया है।

## बाबू... तेरी मोहब्बत में

जिला शिक्षा कार्यालय में नए-नए आए साहब इन दिनों बड़े परेशान हैं। इन दिनों क्या, वे तो आते ही परेशान हो गए थे। साहब से चीजें संभल नहीं रही हैं। नए आए हैं, तो जो भी बाबू लोग कह देते हैं, बेचारे कर देते हैं। इसके बाद जो अंजाम होता है, वो उन्हें अकेले ही भुगतना पड़ता है। बीते दिनों चुनाव के वक्त साहब ने आदेश जारी करवा दिया कि गद्दे, तकिए की व्यवस्था निजी स्कूल करेंगे। बात निकली तो फिर दूर तक पहुंची। साहब को ऊपर से ठीक-ठाक डांट पड़ी। लेकिन फिर भी साहब नहीं चेते हैं। अपने ज्ञान चक्षु खोलने के स्थान पर खुद को श्रेष्ठ चम्मच साबित करने की जुगत में लगे बाबुओं की ही सुन रहे हैं। ठीक है, मोहब्बत भी कोई चीज होती है या नहीं?

## साहब की टास्क फोर्स

प्रदेश के एकलौते कृषि विवि में कभी भी कुछ भी ठीक नहीं चल रहा होता है। यहां कब क्या हो जाए, इसका पूर्वानुमान लगा पाना भी असंभव ही है। यहां के बड़े साहब ने ऐसी ही घटनाओं को रोकने के लिए रॉ की तर्ज पर एक टास्क फोर्स गठित कर ली। उन्हें लगा कि अब उनकी फोर्स पूरी मुस्तैदी के साथ मोर्चा संभाल लेगी और वो चैन से सो सकेंगे। लेकिन हुआ इसके उलट। कमेटी बनाई किसी और काम के लिए गई थी और उन्हें करने पड़ रहे दूसरे काम हैं। मतलब ऐसी-ऐसी शिकायतें उन्हें मिल रही हैं कि आधे वक्त वे ये ही सोचते रहते हैं कि इसका क्या करें? और आधे वक्त वे ये सोचते रहते हैं कि बाकी का वक्त खराब कहां हुआ है?

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला
प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा

# रबी के धान से मंडियां आबाद, इस बार अच्छी कीमत, महामाया बिका 2300 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में रबी फसल की कटाई के बाद अंचल के किसान धान विक्रय के लिए जिलों के विभिन्न कृषि उपज मंडियों तक पहुंच रहे हैं। इन दिनों मंडी में लगभग 20 हजार क्विंटल से अधिक धान की आवक हो रही है। ज्यादातर किसान धान की किस्में आईआर-64, ओम-3, महामाया लेकर पहुंच रहे हैं। मंडी में किसानों को 2142 रुपए से 2300 रुपए कीमत मिल रही है। मंडी में धान की आवक बढ़ने के साथ ही साथ यहां कार्यरत हमालों को भी पर्याप्त काम मिल रहा है। रबी फसल की कटाई-मिंजाई के बाद कृषि उपज मंडी धमतरी, कुरुद, राजनांदगांव, भाटापारा, नवापारा, रायपुर में धान की आवक बढ़ गई है। धमतरी मंडी के प्रभारी सचिव संजीव वाहिले ने बताया कि मंडी में इन दिनों लगभग आठ से दस हजार क्विंटल धान की आवक हो रही है। धान की अच्छी कीमत मिलने से किसान खुश हैं। आईआर 64 का दाम 1960 से 2082 रुपए प्रति क्विंटल का भाव चल रहा है। मंडी में 1010 धान 1901-2055, सरना 2029 से 2096 रुपए, ओमश्री 2299 से 2395 रुपए तथा आरबी गोल्ड 2185 से 2220 रुपए का रेट चल रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र द्वारा राज्यों के लिए धान का समर्थन मूल्य सामान्य धान के लिए 2160 रुपए और ए ग्रेड धान के लिए 2180 रुपए घोषित किया गया है। मंडियों में इससे अधिक कीमत पर धान बिकने से किसान खुश हैं।

### महामाया, ओम-3, सरना और आरबी गोल्ड धान की किस्मों की कीमत अधिक

#### प्रतिदिन आ रहा 30-40 हजार कट्टा

*भाटापारा मंडी के सचिव शत्रुघ्न लाल वर्मा ने बताया कि भाटापारा मंडी में धान की अच्छी आवक हो रही है। प्रतिदिन 30 हजार से 40 हजार कट्टा धान की आवक होने से मंडी परिसर में काफी चहल-पहल है। मंडी के बाहर 150 से अधिक गाड़ियां रोज धान लेकर पहुंच रही हैं। व्यापारियों द्वारा सौदा पत्रक के माध्यम से किसानों का धान खरीदा जा रहा है। यहां पर महामाया धान का 2300 रुपए तक रेट मिलने से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। मोटा धान की भी 2000 रुपए से अधिक कीमत मिल रही है।*

#### व्यापारी कर रहे खरीदी

मंडियों में प्रतिदिन व्यापारी धान की खरीदी के लिए पहुंच रहे हैं। पोहा बनाने के लिए मोटा और अन्य उपयोग के लिए पतले धान की खरीदी क्वालिटी के हिसाब से की जा रही है। सूखे धान की कीमत अधिक मिल रही है। गर्मी के दो माह तक रबी के धान की बिक्री मंडियों के माध्यम से होती है।

#### हमालों और रेजा के चेहरे खिले

मंडी में पर्याप्त धान आने के कारण यहां कार्यरत हमाल, मजदूर, रेजा के चेहरे खिले हुए हैं। पर्याप्त काम मिलने से उनकी रोजी-रोटी अच्छी तरह चल रही है। फसल कटाई के बाद मंडी में प्रतिदिन हजारों कट्टा धान की आवक हो रही है। अच्छा भाव मिलने से किसान खुश हैं। मंडी में कार्यरत अधिक मजदूरों, हमालों व रेजा को पर्याप्त काम मिल रहा है।

## ओपी गए ओडिशा, मूणत आज जाएंगे, श्रीवास्तव झारखंड जा रहे

# भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के कई नेताओं को ओडिशा-झारखंड में झोंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में चुनाव होने के बाद अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के साथ सभी मंत्रियों और भाजपा के कई दिग्गज नेताओं को ओडिशा और झारखंड का जिम्मा दिया है। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय भी झारखंड में मोर्चा संभाले हुए हैं। अब विधायक राजेश मूणत जहां सोमवार को ओडिशा जाएंगे, वहीं प्रदेश भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तव भी सोमवार को झारखंड जा रहे हैं। प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी रविवार को ओडिशा रवाना हो गए हैं। डिप्टी सीएम अरुण साव भी लगातार ओडिशा में प्रचार के लिए जा रहे हैं। प्रदेश में तीन चरणों में लोकसभा का चुनाव हुआ है। 7 मई को यहां पर चुनाव समाप्त होने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के ज्यादातर नेताओं को पड़ोसी राज्य ओडिशा और झारखंड का जिम्मा सौंपा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लगातार ओडिशा और झारखंड में सभाएं लेने जा रहे हैं। दोनों राज्यों में चार चरणों में चुनाव होना है। पहले चरण का मतदान सोमवार को हो रहा है। इसके बाद भी अन्य चरणों के लिए लगातार वहां पर प्रचार होता रहेगा। अंतिम चरण का मतदान 1 जून को होगा।




### साव, बृजमोहन, केदार, मूणत को ओडिशा का जिम्मा

*उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ ही मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी व टंकराम वर्मा को ओडिशा का जिम्मा दिया गया है। इसमें से मंत्री श्री चौधरी रविवार को ओडिशा रवाना हो गए। इससे पहले उन्होंने कहा, राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर ओडिशा प्रचार करने का जा रहे हैं। प्रदेश के जो अन्य नेता, जिनको ओडिशा का जिम्मा दिया गया है, उनमें सांसद सुनील सोनी, देवेंद्र प्रताप सिंह, संतोष पांडेय, चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रेमप्रकाश पांडेय, विधायक राजेश मूणत, नीलकंठ टेकाम, विनायक गोयल, योगेश्वर राजू सिन्हा, गुरु खुशवंत साहेब, संपत अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, त्रिलोचन पटेल, पिंकी शिवराज शाह, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, चंदूलाल साहू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, रूपकुमारी चौधरी, महेश कश्यप, श्रीनिवास राव मद्दी, वेदवती कश्यप, मनीराम कश्यप, धनीराम बारसे, जगन्नाथ पाणिग्रही के नाम शामिल हैं। इनमें से कई नेता वहां चले गए हैं और कई नेता अपने जिम्मेदारी के मुताबिक जा रहे हैं।*

### मंत्री नेताम, राजवाड़े, जायसवाल को झारखंड का जिम्मा

*प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय ने झारखंड में मोर्चा संभाल रखा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव को पहले ओडिशा भेजा गया था, अब वे वहां से लौटने के बाद झारखंड जाएंगे। इसी तरह से प्रदेश मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, रामविचार नेताम, विधायक भावना बोहरा, भूलन सिंह मरावी, राजेश अग्रवाल, उद्धेश्वरी पैंकरा, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, दीपेश साहू, रोहित साहू, प्रमोद मिंज, सुशांत शुक्ला, राय मुनि भगत भाजपा पदाधिकारी भूपेंद्र सवन्नी, सौरभ सिंह, अनुराग सिंहदेव, ओमप्रकाश जायसवाल, कमलभान सिंह, भरत सिंह सिसोदिया, अनिल केसरवानी, बाबूलाल अग्रवाल को भी झारखंड में प्रचार करने का काम सौंपा गया है। इसमें से कई नेता वहां पहुंचकर अपना काम कर रहे हैं, बाकी नेता अपनी लोकसभा की जिम्मेदारी के मुताबिक जाएंगे।*

# साव ने कहा, चुनाव के बाद निगम-मंडलों में नियुक्तियों पर विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव का प्रदेश में निगम-मंडल और मंत्रिमंडल को लेकर बड़ा बयान सामने आया है। उनका कहना है, लोकसभा चुनाव के बाद निगम, मंडलों में नियुक्ति पर विचार होगा। साथ ही मंत्रिमंडल को लेकर कहा, सक्षम फोरम पर बात करके ही फैसला होगा। उनका कहना है, लोकसभा चुनाव की भी भाजपा समीक्षा करेगी। श्री साव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा का चुनाव सामने आ गया। अब सभी इस चुनाव में व्यस्त हैं। लोकसभा चुनाव समाप्त होने और इसका परिणाम आने के बाद प्रदेश में जहां मंत्रिमंडल में बचे मंत्री पद को लेकर चर्चा होगी, वहीं निगम और मंडलों में नियुक्तियों को लेकर भी फैसला किया जाएगा। श्री साव ने कहा, भाजपा का संगठनात्मक आधार बहुत मजबूत है। एक-एक कार्यकर्ता को लंबे समय से चुनाव में काम करने का अनुभव है। उन अनुभव के आधार पर हमने आकलन किया है। 11 की 11 सीटें बहुत आसानी से जीत रहे हैं।



### राहुल भाजपा के कार्यकर्ता से ही कर लें डिबेट

श्री साव ने कहा, राहुल गांधी हमारे छोटे से कार्यकर्ता से डिबेट करके देख लें। कांग्रेस पार्टी मुद्दाविहीन है, वे हमारे एक सामान्य कार्यकर्ता से डिबेट नहीं कर सकते, प्रधानमंत्री से डिबेट क्या कर पाएंगे। कांग्रेस द्वारा मारे गए नक्सलियों को ग्रामीण बताए जाने के बयान पर श्री साव ने कहा, कांग्रेस सेना और सुरक्षाबलों के कार्यों पर प्रश्नचिन्ह लगाने की आदी हो चुकी है। कांग्रेस ने पांच सालों में नक्सलवाद को पाला-पोसा। अब जब कार्रवाई हो रही है तो उनके पेट में दर्द हो रहा है। कांग्रेसियों को बस्तर के लोगों और उनके विकास की चिंता नहीं है।

# चौधरी बोले- पीएससी के आरोपी देश छोड़ रहे, देना होगा हिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का कहना है, पीएससी की जांच के डर से कई लोग गायब हो रहे हैं। कुछ के तो देश भी छोड़ने की बात सामने आ रही है। किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा। एक-एक को हिसाब देना होगा। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के युवाओं को धोखा देने का काम किया है। सीबीआई जांच में सारा सच सामने आ जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा रवाना होने से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने कहा, पीएससी की सीबीआई जांच को केंद्र सरकार ने नोटिफाई कर दिया है। अब इसकी पूरी जांच होगी। कांग्रेस सरकार में इस मामले में क्या-क्या गड़बड़ी हुई है, इसका पूरा खुलासा होगा। जो भी इस मामले के दोषी हैं, उनको छोड़ा नहीं जाएगा।



### कांग्रेस डूबती नाव

मंत्री पद के लिए कांग्रेस के बयान एक अनार सौ बीमार पर श्री चौधरी ने कहा, कांग्रेस डूबती हुई नाव है। भाजपा में किसी पद के लिए भगदड़ नहीं मची है। कांग्रेस के पांच सालों में जय और वीरू की नहीं बन पाई। ये दूसरे पर सवाल उठाते हैं, जो हास्यास्पद है। भाजपा में अधिक संख्या में अच्छे नेता उपलब्ध हैं। भाजपा में पद नहीं दायित्व होता है। जो जिम्मेदारी दी जाती है, सभी उसका निर्वहन करते हैं।

# छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव पूरा, आचार संहिता 7 जून तक प्रभावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान हो चुका है। राज्य की सभी 11 सीटों के लिए जारी मतदान की प्रक्रिया 7 मई को तीसरे और अंतिम चरण के साथ समाप्त हो गई है। इसके बाद ये सवाल उठता है कि राज्य में लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू है या नहीं? इस संबंध में राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने हरिभूमि को बताया कि यहां का मतदान समाप्त होने के बाद भी आचार संहिता पूरी तरह प्रभावशील है। देश के आम चुनावों के लिए 16 मार्च से चुनाव आचार संहिता लागू हो गई थी। 4 जून को परिणाम आने के बाद निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी होने यानी 7 जून तक लागू रहेगी।



### सरकार को भी अनुमति लेना आवश्यक

*राज्य में तीन चरणों का मतदान समाप्त होने के बाद भी छत्तीसगढ़ में आचार संहिता पूरी तरह लागू है, यह कहना है राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले का। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव आचार संहिता में छत्तीसगढ़ के लिए किसी प्रकार की छूट (रिलेक्सेशन) का कोई आदेश नहीं दिया है।*

# प्रदेशभर में चाकूबाजी-लूट की वारदातें आम, अपराधी बेलगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। मासूम बच्चियों के साथ दुराचार की घटनाएं बढ़ गईं। पांच माह में प्रदेश में 36 से अधिक हत्या की घटनाएं हो चुकी हैं। राजधानी रायपुर में तीन गोलीकांड, लूट, चाकूबाजी, चेन स्नेचिंग तो रायपुर की पहचान बन गए हैं।



उन्होंने कहा, भाजपा राज के पांच महीने में ही छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है। दुर्ग में 16 वर्ष की मासूम बच्ची के गले में ब्लेड मार कर हत्या की कोशिश की गई। दो महीने में राजधानी में सरेआम गोलीबारी की दो घटनाएं हो गईं। राजिम में एक 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ इसी हफ्ते, बालोद जिले में 2 वर्षीय बच्ची के साथ, अंबिकापुर जिले में नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार की घटना घटी है। गृहमंत्री के गृह क्षेत्र कवर्धा में सरेआम हत्या हो गई। ऐसी ही घटना पर सांप्रदायिकता का जहर घोलने वाले भाजपाई इस घटना पर मौन हो गए हैं। राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के सभी शहरों में लगातार हत्या, लूट, चाकूबाजी की घटनाएं बढ़ गई हैं। प्रदेश के हर शहर में चाकूबाजी, लूट की वारदातें आम हो गई हैं। सरकार बदलते ही ऐसा लगने लगा है, जैसे कानून का राज समाप्त हो गया है।

## सुशील ने कहा- 18 लाख आवास का दावा फेल

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों की संख्या को स्वीकृति ही नहीं दी है। राज्य सरकार इसकी घोषणा कर अपनी पीठ थपथपा रही है। कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है तो स्वीकृत आवासहीनों के नाम सार्वजनिक किए जाएं। मोदी सरकार बताए, 18 लाख आवासों में से कितने आवास केंद्र ने स्वीकृत किए? मोदी सरकार ने राज्य के 18 लाख आवासों में से एक भी मकान की स्वीकृति नहीं दी।



उन्होंने कहा, पीएम आवास योजना 2015 में लागू हुई, तब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी। 2011 की जनगणना को आधार मानकर छत्तीसगढ़ के लिए 18 लाख आवास का लक्ष्य तय किया गया था। 2015 से 2018 तक रमन सरकार के दौरान मात्र 2 लाख 37 हजार ग्रामीण पीएम आवास तथा 19 हजार शहरी पीएम आवास बने। 2018 से 2023 तक भूपेश सरकार ने 10 लाख से अधिक पीएम आवास बनाए। शेष लगभग 7 लाख आवास बनाने के लिए भूपेश बघेल सरकार ने विगत बजट में 3234 करोड़ का प्रावधान किया तथा 7 लाख आवासहीनों के लिए मकान बनाने पहली किस्त अक्टूबर में ही भूपेश सरकार ने डाल दी थी।

## सीआर तैयार करने की प्रक्रिया 30 मई से 15 जुलाई तक

# शासकीय सेवकों की सीआर लिखने का समय एक माह बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के शासकीय सेवकों की गोपनीय चरित्रावली लिखने समयावधि में वृद्धि की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए व्यावहारिक कठिनाइयों के चलते इसे एक माह आगे बढ़ा दिया गया है। अब 15 जुलाई तक राज्य शासकीय कर्मचारियों के गोपनीय चरित्रावली लिखी जा सकेगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर कहा है कि लोकसभा चुनाव प्रक्रियाधीन होने के कारण शासकीय कर्मचारियों के गोपनीय चरित्रावली लिखे जाने के लिए निर्धारित समयसीमा में बढ़ोतरी की जा रही है। लोकसभा चुनाव में सभी संवर्ग के अधिकारी-कर्मचारी संलग्न हैं। ऐसी स्थिति में



शासकीय सेवकों की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली समयसीमा में लिखे जाने में व्यावहारिक कठिनाई हो रही है। अतः वर्ष 2023-24 के लिए इसकी समयावधि में परिवर्तन किया गया है। अब सेल्फ असेसमेंट प्रस्तुत करने की तिथि 30 मई, प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन का मतांकन 15 जून, समीक्षक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 30 जून और स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 15 जुलाई तक पूरा किया जाना है।

### पहले 15 जून तक पूरी करनी थी प्रक्रिया

*राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवकों की सीआर तैयार करने का कार्यक्रम हर साल 30 अप्रैल तक सेल्फ असेसमेंट, प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन का मतांकन 15 मई, समीक्षक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 31 मई और स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 15 जून तक पूरा किया जाना था। चुनाव के चलते इसे पूरा करना संभव नहीं था। ऐसे में जीएडी ने इसे एक माह आगे बढ़ा दिया है।*

### सीआर के आधार पर होती है पदोन्नति

*छत्तीसगढ़ शासन के अधीन कार्यरत शासकीय कर्मचारियों को पदोन्नति व समयमान-वेतनमान का लाभ गोपनीय चरित्रावली समय पर अधिकारी के मतांकन के आधार पर ही मिलता है। किसी कारण से यह पूरा नहीं होने के कारण इसमें देर होती है। हर साल इसकी प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया जाता है। फिर भी कई विभागों में समय पर पूरा नहीं होने के कारण कई विभागों में पदोन्नति और समयमान के प्रकरण लंबित रह जाते हैं।*

# प्लास्टिक कचरा: सीमेंट कंपनियों से एमओयू करेंगे नगरीय निकाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय क्षेत्रों में जमा होने वाले प्लास्टिक कचरा के निपटारे के लिए सीमेंट क्लिन में अपवहन के लिए राज्य के नगरीय निकायों को सीमेंट प्लांट(कंपनियों) से एग्रीमेंट का आदेश नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल यानी एनजीटी ने दिया है। इस संबंध में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त एवं नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश भेजा है। प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए संचालनालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नगरीय निकाय अपने समीपस्थ सीमेंट उद्योग के साथ अनुबंध(एग्रीमेंट) करें। ताकि निकाय में उत्सर्जित अपशिष्ट का प्रबंधन हो सके। इस संबंध में पर्यावरण संरक्षण मंडल से सहयोग एवं समन्वय करने का कहा गया है।



### सीमेंट कंपनिया न कचरा ले जा रही, न पेमेंट दे रही

इस मामले को लेकर एक और तथ्य अपशिष्ट प्लास्टिक राज्य प्रबधन राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की छटवीं बैठक में सामने आया था। समिति को अवगत कराया गया था कि नगरीय निकायों से अनुबंधित सीमेंट उद्योगों द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट को न जाने व समय पर भुगतान न करने के कारण निकायों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### बालाजी मंदिर परिसर में शांति पाठ आज

**रायपुर।** वाणिज्य कर विभाग से सेवानिवृत्त उपायुक्त एलआर राजपूत का 5 मई को निधन हो गया। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने 13 मई को शाम 5 बजे से 7 बजे तक शांति पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अग्रसेन धाम रोड स्थित सालासर बालाजी मंदिर परिसर में किया जाएगा। वे वरिष्ठ आईएएस शिखा राजपूत तिवारी, ऋतु भूरे व रश्मि राजपूत के पिता थे।

## निधन

### दत्तात्रेय गजानंद चौधरी



**रायपुर।** शैलेंद्र नगर निवासी एलआईसी से सेवानिवृत्त दत्तात्रेय गजानंद चौधरी (89) का 12 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 मई को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे ज्ञानेश, ईओडब्ल्यू के डीएसपी राजेश चौधरी व महेश के पिता थे।

### राजा वाधवानी



**रायपुर।** संजय नगर निवासी राजा वाधवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 मई को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे नितिन वाधवानी और हर्षद वाधवानी के पिता थे।

### सालिक राम साहू



**रायपुर।** भाटापारा जेजे चौक निवासी सालिक राम साहू (61) का निधन हो गया। वे निर्मला साहू के पति, बुधरिया बाई साहू के पुत्र, चंदूलाल, कीर्ति, मनीषा, वैशाली के पिता थे।

### मनोज कुमार यदु



**रायपुर।** सारागांव निवासी मनोज कुमार यदु (57) का 12 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक ग्राम सारागांव में किया जाएगा। वे वर्तमान में ग्राम गनियारी के उच्च माध्यमिक शाला में व्याख्याता थे। वे भूपेंद्र और राजेंद्र यदु के पिता थे।

# रेलवे में अफसर बदल गए, पर नहीं खुला पब्लिक टॉयलेट का ताला, तीन साल से एजेंसी ही ढूंढ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रेलवे स्टेशन के बाहर यात्री सुविधाएं बढ़ाने एसईसीएल के सीएसआर फंड से रेलवे ने मंडल के 15 स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट तो बनवा दिए, लेकिन इसका संचालन तीन साल में भी शुरू नहीं किया जा सका है। पब्लिक टॉयलेट पर ताला लटका हुआ है, अब बिना उपयोग के ये प्रसाधन कक्ष कबाड़ हो रहे। मंडल के अधिकारी बदल गए, लेकिन कोई भी पब्लिक टॉयलेट शुरू नहीं करा पाया। रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग ने टॉयलेट बनाने के बाद संचालन की जिम्मेदारी मंडल के कमर्शियल विभाग को दी थी, लेकिन मंडल के जिम्मेदार अभी तक इसके संचालन के लिए एजेंसी नहीं ढूंढ पाए। इस वजह से आधुनिक सुविधा वाले पब्लिक टॉयलेट अब अनुपयोगी हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक प्रत्येक टॉयलेट बनाने पर 8 लाख रुपए खर्च किए गए। यहां पुरुषों-महिलाओं व दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए गए हैं। इसके अलावा रैंप भी बनाया गया है।

**दो साल में एक बार किया टेंडर :** जोन एवं मंडल में पब्लिक टॉयलेट तैयार हुए दो साल से अधिक हो चुके हैं, लेकिन इसके संचालन के लिए रेलवे ने अभी तक केवल एक बार ही टेंडर जारी किया। 2021 में एजेंसी नहीं मिलने पर जिम्मेदार अफसरों ने भी पब्लिक टॉयलेट शुरू करने की योजना ठंडे बस्ते में डाल दी। लोग खुले में शौच न करें, इस उद्देश्य से स्टेशनों के बाहर पब्लिक टॉयलेट बनवाए गए थे, लेकिन इनके शुरू नहीं होने से यात्रियों को भी असुविधा हो रही है। छोटे स्टेशनों के लिए अब तक टेंडर भी जारी नहीं किया गया है।

## मंडल के 15 स्टेशनों पर बने हैं पब्लिक टॉयलेट, प्रत्येक पर 8 लाख हुए खर्च

### खराब हो रही मशीन मेंटेनेंस भी नहीं

पब्लिक टॉयलेट का उपयोग नहीं होने से यात्री सुविधाओं के लिए लगाई गई मशीन अब खराब हो रही है। दो साल से रेलवे ने मेंटेनेंस भी नहीं किया है। रैंप पर लगे टाइल्स टूट-फूट गए हैं। टॉयलेट में लगी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, महिला शौचालयों में भस्मक और पुरुष शौचालय में कंडोम वेंडिंग मशीन की सुविधा दी गई है।




**जल्द शुरू करेंगे**

सीएसआर फंड से रायपुर मंडल के स्टेशनों पर बने पब्लिक टॉयलेट का संचालन जल्द शुरू किया जाएगा। पूर्व में भी संचालन के लिए टेंडर निकाला गया था, लेकिन कोई एजेंसी या कंपनी सामने नहीं आई। अब फिर से प्रयास किया जाएगा, ताकि पब्लिक टॉयलेट की सुविधा लोगों को मिल सके। *-अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम, रायपुर रेलमंडल*

### इन स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट

सीएसआर फंड से रायपुर, सरोना, कुम्हारी, दुर्ग, हथबंद, सिलयारी, तिल्दा, बिल्हा, ए. केबिन, भाटापारा समेत अन्य स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट बनाए गए हैं, जिसमें केवल दुर्ग में ही इसकी सुविधा लोगों को मिल रही है। अन्य जगहों पर रेलवे संचालन के लिए एजेंसी ही नहीं ढूंढ पाया है।

## भाजपा पार्षदों समेत कुछ एमआईसी मेंबर भी चाहते हैं जनता ही चुने शहर का मुखिया

# भाजपा चाह रही पार्षद नहीं, जनता सीधे चुने मेयर, कांग्रेस बंटी, कुछ ने इसे सही ठहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि मुद्दा

लोकसभा चुनाव के बाद नवंबर-दिसंबर में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर यह चर्चा छिड़ी है कि इस बार महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराया जाए या नहीं? नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष से लेकर भाजपा पार्षद जहां मेयर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने के पक्ष में हैं, वहीं शहरी सरकार के कुछ एमआईसी मेंबर भी खुलकर कहने लगे हैं कि शहर का मुखिया चुनने का अधिकार आम जनता को होना चाहिए। इससे महापौर मजबूत रहता है। हरिभूमि ने इस विषय पर सत्तापक्ष और विपक्ष के पार्षदों से बातचीत की, जिसमें उन्होंने बेबाकी से अपनी बात रखी।

### जनता द्वारा महापौर चुनना बेहतर पद्धति : ज्ञानेश



वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा का कहना है, शहर की जनता द्वारा महापौर को चुना जाना बेहतर पद्धति है, वे इसके पक्ष में हैं। प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव में आम जनता द्वारा जब महापौर चुना जाता है, तब ऐसा महापौर अधिक स्वतंत्रता के साथ काम कर पाता है। वहीं अप्रत्यक्ष तरीके से महापौर का चुनाव होने पर कभी-कभी पार्षदों के अनियंत्रित दबाव में महापौर को काम करने में तकलीफ होती है। पार्षदों को खुश करने के चक्कर में शहर का विकास प्रभावित होने का डर बना रहता है। हालांकि महापौर चयन की दोनों प्रणाली का अपना महत्व है, पर इसमें कुछ खामियां भी हैं। पार्षदों को शहर के विकास के मतलब है, इसलिए महापौर की जिम्मेदारी पूरे रायपुर शहर की जनता के प्रति होनी चाहिए।

### वर्तमान प्रणाली ही उचित : मेनन



एमआईसी मेंबर श्रीकुमार मेनन का कहना है, प्रत्यक्ष प्रणाली से महापौर का चुनाव होने पर बड़े और रसूखदार लोगों को मेयर बनने का मौका मिलता है, गरीब एवं लायक उम्मीदवार की काबिलियत धरी रह जाती है। इसलिए पार्षदों द्वारा महापौर का चुनाव करने की वर्तमान प्रणाली उचित है। पार्षदों के बीच से ही महापौर चुना जाना चाहिए।

### सीधे तौर पर मेयर का चुनाव स्वागतयोग्य : नागभूषण



वरिष्ठ एमआईसी सदस्य नागभूषण राव की दो टूक राय है, सीधे तौर पर महापौर का चुनाव स्वागतयोग्य है। जनता के माध्यम से चुना गया महापौर ज्यादा मजबूत होता है, जबकि अप्रत्यक्ष प्रणाली में जब पार्षद शहर का महापौर चुनते हैं, तब वे दबाव में रहते हैं। जबकि प्रत्यक्ष प्रणाली से चयन होने पर महापौर आत्मविश्वास से भरपूर रहते हैं, पार्षद उन पर दबाव नहीं बना सकते। वैसे महापौर चुनाव की दोनों ही व्यवस्थाएं अच्छी हैं।

### पार्षद ही चुनें शहर का मुखिया : सतनाम



निगम के जल विभाग के अध्यक्ष सतनाम पनाग कहते हैं, जिस तरह लोकसभा और विधानसभा में प्रक्रिया के तहत नेता चुना जाता है। उसी तर्ज पर निगम के चुनाव में पार्षदों द्वारा महापौर का चुनाव करना ही उचित होगा। इसमें पार्षदों के पास ये ताकत रहती है कि उनके द्वारा चुना हुआ महापौर ठीक से काम नहीं कर रहा तो उसे प्रस्ताव लाकर हटा सकते हैं। वहीं एमआईसी सदस्य जितेंद्र अग्रवाल ने कहा है, जनता द्वारा चुने गए पार्षदों को अपना मुखिया चुनने का अधिकार होना चाहिए। 2018 में भूपेश की सरकार ने कैबिनेट में जो फैसला लिया कि मेयर का चुनाव प्रत्यक्ष नहीं, अप्रत्यक्ष प्रणाली से होगा, वह सभी दृष्टि से उचित है।

### जनता ही चुने महापौर : मीनल



राज्य बनने से पहले और उसके बाद 4 मौके ऐसे आए, जब महापौर का चुनाव जनता के वोट से हुआ। यह प्रणाली बिलकुल सही है। शहर की जनता का यह अधिकार हो कि वह शहर के प्रथम नागरिक को अपने स्वविवेक से चुने। पूर्व में ऐसी व्यवस्था रही है, पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने यह व्यवस्था बदली, जो कि गलत है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का कहना है, महापौर किसी एक वार्ड का नहीं होता, वह पूरे शहर का मुखिया होता है। इसलिए शहर की जनता के प्रति उसकी जवाबदेही रहती है। हमारी पार्टी की यह व्यवस्था रही है, इस बार भी जनता को ही शहर का महापौर चुनने का अधिकार मिले।

### प्रत्यक्ष चुनाव के पक्ष में : प्रमोद



भाजपा के वरिष्ठ पार्षद डॉ. प्रमोद साहू का कहना है, आम जनता को ही महापौर चुनने का अधिकार हो। जनता अपनी इच्छा से महापौर का चयन करे। राज्य सरकार से मांग करेंगे कि जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रत्यक्ष प्रणाली से महापौर चुनाव की व्यवस्था दी जाए।

# बदले जा चुके प्रभार फिर भी संभाल रहे पुराना कामकाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए अफसरों की जिम्मेदारी बदली जा चुकी है, मगर आचार संहिता का हवाला देकर अफसर पुराना कामकाज ही संभाल रहे हैं। इसी तरह चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के नोडल अफसर भी बदले जा चुके हैं।



- स्वास्थ्य योजनाओं से संबंधित नोडल अफसरों के प्रभार में फेरबदल

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य संचालनालय और चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के माध्यम से पूरे किए जाने वाले कामकाज का सुचारू संचालन करने अधिकारियों के पद के हिसाब से उनके बीच कार्यों का बंटवारा किया जाता है। उपसंचालक स्तर के अधिकारी जनस्वास्थ्य से जुड़े अभियान के नोडल अफसर भी बनाए जाते हैं। सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग में दोनों संचालनालय स्तर पर हुए फेरबदल और कुछेक सेवानिवृत्ति के बाद उपसंचालकों के प्रभार में भी वृहद स्तर पर बदलाव किया गया था। अधिकारियों को उनकी विशेषज्ञता के आधार पर जिम्मेदारी दी गई थी। इस दौरान टीबी नियंत्रण, अंधत्व निवारण कार्यक्रम सहित विभिन्न तरह की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रभार बदले गए थे। कुछ अधिकारियों ने नई जिम्मेदारी संभाल ली, मगर कई अफसर आचार संहिता का हवाला देकर अपने पुरानी जिम्मेदारी का ही निर्वहन कर रहे हैं। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के दो अफसरों की जिम्मेदारियों में शासकीय स्तर पर फेरबदल किया गया था, मगर वे पुराने कार्यों का मोह नहीं छोड़ पाए हैं। इस संबंध में आला अधिकारियों से भी शिकायत की जा चुकी है।

# त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में खूनी झड़प पिता-पुत्र समेत चार पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



खम्हारडीह थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात कुछ लोगों ने पिता-पुत्र समेत चार पर तलवार से हमला कर दिया। हमले की वजह त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग का विवाद बताया जा रहा है। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद पुलिस ने तलवार से हमले के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार देर रात अवंति विहार में तलवारबाजी होने की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पेट्रोलिंग टीम रवाना की गई। मौके पर पुलिस पहुंची तो उन्हें जानकारी मिली कि आदर्श जगवानी तथा फैजल खान का कॉलेज में पढ़ने के दौरान चार-पांच साल पहले गर्लफ्रेंड को लेकर विवाद था। इसी बात को लेकर बातचीत करने देर रात करीब ढाई बजे आदर्श जगवानी तथा आदर्श भट्टाचार्य ने फैजल खान, मो. अनीस, लक्की और सौरभ दास को अपने घर बातचीत करने के लिए बुलाया था। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और विवाद बढ़ गया। इसके बाद आदर्श जगवानी तथा उसके साथियों ने तलवार लहराते हुए फैजल खान और उसके साथियों पर हमला कर दिया। तलवारबाजी की घटना में सौरभ दास, फैजल खान एवं मो. अनीस को चोटें आई हैं। घटना के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**चार-पांच साल पुराना विवाद :** पुलिस के मुताबिक आदर्श जगवानी तथा फैजल की किसी युवती से चार-पांच साल पूर्व दोस्ती थी, इस बात को लेकर उनके बीच पहले भी विवाद हो चुका था। इसी विवाद को लेकर सुलह करने आदर्श ने फैजल को अपने घर बुलाया। घर में सभी शांतिपूर्वक बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान आदर्श की फैजल के साथ किसी बात को लेकर तकरार हो गई। दोनों के बीच तकरार इतनी बढ़ गई कि सुलह कराने पहुंचे दोस्त पहले आपस में उलझ गए, बाद में विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया। मौके पर पुलिस टीम के पहुंचने के बाद स्थिति नियंत्रित हुई।

### 20 करोड़ की पाइपलाइन...

से नए बोरवेल खनन की मांग प्रभावित वार्डों से आई है। ठक्कर बापा वार्ड के पार्वती नगर, दीक्षा नगर में 2 नए बोर खनन की मांग वार्ड पार्षद दिलेश्वरी-अन्नूराम साहू ने की है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 8 साल पहले गुढ़ियारी क्षेत्र के ठक्कर बापा वार्ड, कन्हैयालाल बाजारी वार्ड, दानवीर भामाशाह वार्ड और बाल गंगाधर तिलक वार्ड में 20 करोड़ की नई पाइपलाइन बिछवाई थी। इसका उद्देश्य था कि इन वार्डों में गर्मी के दिनों में लोगों को पेयजल संकट से राहत मिल सके, पर सालों बीतने के बाद भी नई पाइपलाइन से पानी का प्रेशर कम आने से वार्डवासी इस समस्या से परेशान हो चुके हैं। ठक्कर बापा वार्ड के प्रेमनगर, दीक्षा नगर, पार्वतीनगर ऐसे इलाके हैं, जहां स्मार्ट सिटी ने नई पाइपलाइन तो बिछवाई, पर नलों में पानी का प्रेशर नहीं बढ़ पाया।

### घोषणा के बावजूद नहीं...

पर नई पानी टंकी का निर्माण लंबित है। सूत्रों के मुताबिक नई पानी टंकी बनने से ठक्कर बापा वार्ड के अलावा कन्हैयालाल बाजारी वार्ड के रहवासियों को भी इसका फायदा मिलता।

### ढलान का नहीं रखा...

इलाकों में तो अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच रहा है। बाल गंगाधर तिलक वार्ड के पूर्व पार्षद श्रीकुमार मेनन ने बताया कि उनके वार्ड के कुछ एरिया में जीआई पाइपलाइन को बदलकर डीआई पाइप डाला गया है। शुरुआत में पानी की

## पेज 09 के शेष...

समस्या रही, पर बाद में यह समस्या दूर हो गई। तिलक नगर में हमने पानी की समस्या दूर करने काम कराया।

### लॉ विस्टा में माली...

संतोष सिंह ने बताया कि स्टील कारोबारी मनीष धुप्पड़ के बंगले में चोरी करने के आरोप में महासमुंद निवासी चेतन लाल साहू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अफसरों के अनुसार चेतन एक वर्ष पूर्व ही कारोबारी के बंगले में माली का काम करने आया था। बंगले में हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था है। बंगले के दरवाजे बायोमेट्रिक फिंगर के माध्यम से खुलते हैं, इसलिए कारोबारी ने अपने बंगले में काम करने वाले कर्मियों की बायोमेट्रिक फिंगर अटैच की है। इसी बात का फायदा उठाते हुए माली ने बंगले में मनीष के बेडरूम में प्रवेश कर आलमारी की चाबी से ताला खोला और साढ़े चार लाख कैश सहित 28 लाख के सोने-चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के अनुसार चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चेतन ने नकद रकम सहित जेवरों को पास के एक निर्माणाधीन मकान में पड़े रेत के ढेर में छिपाकर रख दिया था। किसी को इस पर शक न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए चेतन अपनी दैनिक दिनचर्या के हिसाब से काम करने बंगले आ रहा था। पुलिस के अनुसार चोरी की घटना को अंजाम देने के दो दिन बाद चेतन कैश तथा जेवर लेकर घर पहुंचा तो उसकी पत्नी ने चेतन से जेवर तथा नकदी को लेकर सवाल पूछे। चेतन ने अपनी पत्नी को चोरी किए जाने की जानकारी दी। इससे चेतन की गर्भवती पत्नी नाराज होकर अपने मायके चली गई।

### कुलपति के बाद सहायक...

है, अब उन सहायक प्राध्यापकों पर भी कार्रवाई की तैयारी है। कुलपति को राजभवन द्वारा पिछले शुक्रवार आदेश जारी कर पद से हटाया गया था। विवि द्वारा बीते वर्ष दो चरणों में सहायक प्राध्यापकों के 36 पदों के लिए आवेदन मांगे गए थे। यूजीसी नियमों के अनुसार, सहायक प्राध्यापक पद पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थी का नेट क्वालिफाई होना और पीएचडी डिग्रधारी होना आवश्यक है। सूत्रों के अनुसार, प्राध्यापकों की योग्यता की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कुलपति प्रो.कुरील ने ऐसे अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति प्रदान कर दी, जिनके पास पीएचडी डिग्री नहीं थी। इनकी नियुक्ति इस वर्ष जनवरी माह में की गई थी। तब से ये प्राध्यापक के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। छात्र संगठनों द्वारा भर्ती घोटाले की शिकायत किए जाने के साथ ही भर्ती प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने की भी मांग की गई थी। छात्र संगठनों के अलावा इन पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों ने भी जांच की मांग की थी।

### पीएचडी धारियों ने...

नियुक्ति सिर्फ 36 पदों पर हुई। ऐसा नहीं है कि इन पदों के लिए विवि को योग्य अभ्यर्थियों के आवेदन नहीं मिले। नेट उत्तीर्ण होने के साथ ही पीएचडी डिग्री धारियों ने भी इसके लिए आवेदन किया था, लेकिन उन्हें नजरअंदाज करते हुए गैर पीएचडी डिग्रीधारियों को नियुक्ति दे दी गई। मामला सामने आने के बाद अन्य आवेदनकर्ताओं ने भी विरोध किया था।

**आम सूचना**

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री भीम कुर्रे पिता संतराम कुर्रे निवासी 811 बाजार चौक, मदिंर - हसौद, रायपुर (छ.ग.) 492101 ने भूमि स्वामी श्री सुधीर कटियार पिता चन्द्रप्रकाश कटियार निवासी - C 39/B, शैलेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) 492001 की कृषि भूमि जिसका खसरा नम्बर 208, 209/2, 262/2, 263, 264 रकबा 0.76 हक्टेयर प.ह.न. 22, रा.नि.म. मदिंर - हसौद वाके मोजा ग्राम-खुटेरी, तहसील- आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि को खरीदने का आपसी सौदा कर लिया है। मात्र बैनामा पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त खरीद बिक्री में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय अशासकीय, बैंक, बीमा आदि को किसी प्रकार की आपत्ती हो तो इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ती मेरे समक्ष नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधी के पश्चात किया गया आपत्ती शून्य माना जायेगा तथा मेरे पक्षकार पर बधंनकारी नहीं होगा तथा मेरा पक्षकार बैनामा पंजीयन हेतु स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने तथा इस पर आवश्यक रूप से अमल करें।

स्थान- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 10.05.2024

अभिजीत सिंह तोमर (अधिवक्ता)
डी-4, अवनी विहार दलदल
सिवनी, मोवा रायपुर (छ.ग.)
मो.न.- 9826421250

Health Town

डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ

सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा

टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।

शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now
at www.mesraipur.com
Highlight
- Spoken English & Personality Development Classes
- Transport & Surveillance Facility
- Monthly Seminar & Discussion
- Personal attention on each students
- Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 07771-4000123

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
Register Now
at www.rpsraipur.com
Silent Features
- Extra curricular activities
- Personal attention to each student Limited student in each class
- Music, Dance, personality development classes
- Yoga
- Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) Mo.:- 9589085558,9329621221, Email:- rpsraipur123@gmail.com

Eicher School Bus
ASSURANCE OF SUPERIOR SAFETY
- RELIABLE AND STRONG
- NEXT GEN FEATURES
- BENCHMARK OF SAFETY
- COMFORT & CONVENIENCE
EICHER PARTNERING PROSPERITY
GK Automotive Pvt Ltd
Opp. Kabir Nagar, Sondongri, Ring Road No.-2, Raipur (C.G.)
Mo.: 98268 97000
BRANCHES: DURG | RAJNANDGAON
DHAMTARI | MAHASAMUND
BALODA BAZAAR

Contact to Add Your School - 79871-19756

# तप रही धरती पर राहत की बौछार, कई इलाकों में बारिश, दो दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिनभर उमस भरी गर्मी के बाद शाम होते ही छाए बादल रायपुर समेत कई हिस्सों में काफी देर तक बरसे। वर्षा की वजह से मौसम में पुनः ठंडक आ गई और दिन की गर्मी गायब हो गई। रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में अगले दो दिन तक बारिश की गतिविधि बने रहने के आसार हैं। गर्मी का माहौल 16 मई से बनने की संभावना है।

- दो दिन तापमान 40 डिग्री के पार, अब तीन दिन राहत

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार मध्यप्रदेश के ऊपर से गुजर रही द्रोणिका पूर्व की ओर झुकी हुई है, जिसकी वजह से छत्तीसगढ़ में पिछले दो दिन से अलग-अलग हिस्से में अंधड़ और वर्षा की स्थिति बनी हुई है। इसका अधिक प्रभाव तीन संभाग रायपुर, दुर्ग और बस्तर के क्षेत्रों में अधिक देखने को मिल रहा है। शहर में पिछले दो दिन से अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आंकड़े को पार कर रहा है। रविवार को वातावरण में मौजूद 50 प्रतिशत से अधिक नमी और धूप की वजह से उमस वाली गर्मी से लोग परेशान होते रहे। दोपहर 2 बजे के बाद बादल छाने से लोगों ने राहत महसूस की। शाम होने के बाद छाए बादल शहर में तेजी से बरसने लगे और मौसम में ठंडक आ गई, साथ ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।


मौसम वैज्ञानिक गायत्री कांची भोथला ने बताया कि रायपुर में रात साढ़े आठ बजे तक सात मिमी. वर्षा दर्ज की गई है, जगदलपुर मे आंकड़ा 6 मिमी. रहा है। उन्होंने बताया कि बस्तर कुछ शहरों में वर्षा की अधिक सक्रियता महसूस हुई है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले तीन दिनों तक प्रदेश में वर्षा की गतिविधि बने रहने की संभावना है, खासकर रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में शाम होने के बाद तेज गति की हवा के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है। इस दौरान दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे रहने के आसार हैं। गर्मी की वापसी के लिए तापमान में बढ़ोतरी 16 मई के बाद ही होने की संभावना बन रही है।

## रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में आज भी वर्षा के आसार

### बस्तर में जमकर बरस रहे

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में बादल बस्तर इलाके में जमकर बरस रहे हैं। वहां सर्वाधिक 6 सेमी. वर्षा रिकार्ड की गई है। लोरमी, सिमगा में दो सेमी. तोकपाल, सूरजपुर में एक सेमी. तथा कई इलाकों में आधा सेमी. तक हल्की बारिश होती रही।





### गर्मी का प्रभाव ज्यादा नहीं

मौसम विशेषज्ञों का तर्क है कि मई के महीने में इस बार गर्मी ज्यादा प्रभाव नहीं दिखा पाई है। कुछ दिन ही गर्मी तेज हुई और उसके बाद मौसम में बदलाव आ गया। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता की वजह से वर्षा की गतिविधि लगातार बनी हुई है।

### शहरों का तापमान

| | |
|---|---|
| रायपुर | 40.6 |
| बिलासपुर | 40.6 |
| पेंड्रा | 38.4 |
| अंबिकापुर | 37.6 |
| जगदलपुर | 34.2 |
| दुर्ग | 38.6 |
| राजनांदगांव | 40.5 |

## खबर संक्षेप



### भूमिहार ब्राह्मण समाज ने बांटा शर्बत

**रायपुर।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर ब्रह्म ऋषि भूमिहार ब्राह्मण समाज ने शनिवार को राहगीरों को आयुर्वेदिक पद्धति से तैयार रसीले खुशबूदार शर्बत का वितरण किया। इसमें करीब 6 हजार से अधिक राहगीर, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों ने ठंडे पेय पदार्थ शर्बत को पीकर धूप की तपिश से राहत पाई। बंजारी माता मंदिर भनपुरी में भूमिहार ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने पहले भगवान परशुराम की तस्वीर के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर सुधीर राय, शेषनाथ तिवारी, अवधेश पांडे, ओमप्रकाश राय, भगवान शर्मा, अनिल सिंह, अमलेश सिंह, अरुण सिंह, चंद्रभूषण शर्मा, हरेराम शर्मा, मीडिया प्रभारी डीके शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### हरियाली दीदी बना रहीं जागरूक



**रायपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में रहवासियों को घर का गीला और सूखा कचरा पृथक-पृथक कर सफाई मित्र को देने हरियाली दीदी जागरूक कर रही हैं। जनजागरूकता मॉनिटरिंग नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त, जोन कमिश्नर और जोन के स्वास्थ्य अधिकारी कर रहे हैं। जोन 9 क्षेत्र में हरियाली दीदी पुष्पा साहू ने महर्षि वाल्मीकि वार्ड के विजय नगर मुख्य मार्ग स्थित निवास में घर का गीला कचरा हरे डस्टबिन एवं सूखा कचरा नीले डस्टबिन में देने लोगों को जागरूक किया। इस दौरान जोन-9 के स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू उपस्थित रहे।

### वक्ता मंच ने बांटे सकोरे

**रायपुर।** वक्ता मंच द्वारा पक्षियों की भूख-प्यास मिटाने अभियान चलाया जा रहा है। मंच से जुड़े सदस्य इन दिनों पक्षियों के लिए दाना पानी रखने निशुल्क सकोरे बांट रहे हैं। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने बताया, रविवार की शाम निगम मुख्यालय के सामने गार्डन से इस अभियान को आरंभ किया गया। इस अवसर पर शुभम साहू, गंगाशरण पासी, ज्योति शुक्ला, प्रगति पराते, प्रमदा ठाकुर, दिव्या झा आदि उपस्थित रहे।

## जमीन सीमांकन और मुआवजा बांटने की प्रक्रिया में विलंब के चलते ऐसा हाल

# वित्तीय मंजूरी के बाद 8 महीने से तात्यापारा शारदा चौक सड़क निर्माण फाइलों में उलझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी में तात्यापारा से शारदा चौक के बीच सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया वित्तीय मंजूरी के 8 महीने बाद भी फाइलों में उलझी है। इसे बनाने के लिए सितंबर 2023 में ही 136 करोड़ की मंजूरी सरकार ने दी थी। इसके बावजूद लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत दिलाने का काम आगे नहीं बढ़ा है। जिम्मेदार प्रभावित हो रहे परिवारों और दुकानों का सीमांकन कर अभी भी मुआवजा नहीं दे पाए हैं। इसके चलते निर्माण एजेंसी तय करने की प्रक्रिया भी अटकी हुई है।

शारदा चौक से तात्यापारा के बीच हजारों लोग रोजाना ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझते हैं। यह समस्या 16 साल से लगातार बनी हुई है। इससे राहत देने कई बार प्लानिंग की गई, मगर काम अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। 11 सितंबर 2023 को सरकार द्वारा की गई पहल और दिए गए निर्देश की स्थिति जांचने पर पता चला कि 136 करोड़ की वित्त विभाग से मंजूरी मिलने के बाद जिम्मेदारों ने तात्यापारा से शारदा चौक के बीच करीब 500 मीटर के दायरे में अधूरी सड़क को फोरलेन बनाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की है। निर्माण के दायरे में आने वाली दुकानों व मकानों का सर्वे-सीमांकन के बाद राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा अभी तक नहीं दे पाए हैं। इस वजह से लोक निर्माण विभाग ने काम शुरू करने के लिए एजेंसी भी तय नहीं की है।




### किसे मुआवजा देना है, तय नहीं

पड़ताल में पता चला है कि शासन के आदेश पर फंड की स्वीकृति के बाद एक सप्ताह में प्रभावितों की रिपोर्ट बनानी थी। अभी भी मुआवजा किसे देना है, जिम्मेदार यही तय नहीं कर पाए हैं। इसके चलते जमीन खाली कराने की प्रक्रिया अटकी हुई है। इससे पहले सड़क निर्माण के लिए एजेंसी तय करने टेंडर का प्रावधान नहीं है। विभाग ने अभी टेंडर इसलिए भी नहीं किया है, चूंकि जिस स्पॉट पर सड़क चौड़ीकरण होना है, वहां जमीन ही खाली नहीं हुई है। कितने लोग 500 मीटर के दायरे में प्रभावित होंगे, इसकी सही जानकारी भी नहीं मिली है।

### करदाता की जांच भी नहीं

तहसील के जिम्मेदार अफसरों ने अभी तक प्रभावित दुकानों और मकान मालिकों की भूमि का रिकार्ड इसलिए लोक निर्माण विभाग को नहीं दिया है, चूंकि सीमांकन रिपोर्ट में निगम, तहसील और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त सहमति होगी। इसके बाद ही उसे खाली कराने के लिए जिला प्रशासन को दिया जाएगा। वहां से होने वाले आदेश पर फोरलेन सड़क के लिए तय जमीन को खाली कराया जाएगा। बताया जाता है कि सीमांकन में बताई गई राजस्व भूमि का निगम को दिए जाने वाले टैक्स से भी मिलान होना है। इसके लिए जिम्मेदारों ने प्रक्रिया नहीं की है।

### 16 साल से ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहे यहां के रहवासी



### अधिकारियों ने नहीं मांगी जानकारी

मुआवजा देने के लिए सर्वे व सीमांकन की प्रक्रिया के बाद निगम से प्रॉपर्टी टैक्स के आधार पर जमीन मालिकों का मिलान किया जाना था। अभी तक जिला प्रशासन के अधिकारियों ने जानकारी नहीं मांगी है। मामले को संज्ञान में लिया जाएगा।

- **एजाज ढेबर**, महापौर

### चौतरफा दबाव से लग रहा जाम

इसके पहले तात्यापारा से आमापारा चौक के बीच सड़क चौड़ी की गई थी। अधूरे चौड़ीकरण के चलते शारदा चौक से तात्यापारा के बीच करीब 500 मीटर के दायरे में रोज ट्रैफिक जाम में हजारों लोग फंसते हैं। इससे निजात दिलाने के लिए पूर्व में किए गए प्रयास और प्रभावितों द्वारा लगाई गई आपत्ति व मुआवजे के कारण निर्माण अटका था। आठ महीने पहले दोबारा प्रयास किया गया, लेकिन निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया। मौके पर अभी भी चौतरफा ट्रैफिक दबाव होने से दिन में कई बार लोगों को आने-जाने के लिए रास्ता क्लीयर होने का इंतजार करना पड़ता है।

# उधार लेकर डकार गया युवक ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप संचालित करने 10 लाख के बदले डेढ़ गुना राशि देने का झांसा देकर रकम लेने, रकम वापस मांगने पर धमकी देने से परेशान होकर युवक द्वारा आत्महत्या करने की घटना सामने आई है। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की है। खुदकुशी करने वाले युवक के पास से पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। सिविल लाइंस थानेदार ने , पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।



पुलिस के मुताबिक शंकरनगर सेक्टर-2 में रहने वाले संदीप बग्गा ने खुदकुशी की है। संदीप ने चार दिन पूर्व जहर सेवन किया था, जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए निजी अस्पताल में दाखिल किया गया। उपचार के दौरान संदीप की रविवार तड़के मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उल्लेख किया है कि किसी नितेश मित्तल ने उससे महादेव सट्टा एप संचालित करने 10 लाख रुपए लिए थे। संदीप ने अपने सुसाइड नोट में उल्लेख किया है कि नितेश ने उसे 10 लाख रुपए के एवज में 13 से 16 लाख रुपए देने का वादा किया था। सुसाइड नोट में संदीप ने लिखा है कि जब वह नितेश से पैसे वापस मांगने लगा तो नितेश उसे अलग-अलग नंबरों से कॉल कर जान से मारने की धमकी देता था। इधर,संदीप के भाई प्रदीप ने नितेश पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

### नितेश ने उधार लेने की बात से इनकार किया

संदीप द्वारा मृत्यु पूर्व लिखे गए सुसाइड नोट के संबंध में नितेश से संपर्क कर उनका पक्ष लिया गया तो उन्होंने लंबे अरसे से संदीप से भेंट नहीं होने की बात कही। पैसे लेने के सवाल पर नितेश ने कहा की उन्होंने संदीप से किसी तरह से कोई रकम उधार नहीं ली है। प्रारंभिक पूछताछ में मृतक के भाई प्रदीप ने पुलिस को बताया कि जहर सेवन करने की वजह पूछने पर संदीप ने बताया था कि नितेश उधार की रकम नहीं लौटा रहा है, जिसकी वजह से वह मानसिक रूप से काफी परेशान है।

### पड़ताल के बाद होगी कार्रवाई

आत्महत्या के मामले में मर्ग कायम किया गया है। मृतक के पास मिले सुसाइड नोट में लेन-देन का उल्लेख है। मामले की पड़ताल करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

- **रोहित मालेकर**, टीआई, सिविल लाइंस

- कोरोना के पहले बनी थी जिला अस्पताल में शासकीय क्वार्टर देने की योजना

# सरकारी डॉक्टर्स के आवास तैयार, पर तीन माह में रहने आए केवल दो परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आवश्यक सुविधाएं जुटाने के बावजूद जिला अस्पताल में बनाए गए शासकीय आवासों में डॉक्टरों की शिफ्टिंग का काम पूरा नहीं हो सका है। तीन महीने में यहां केवल दो परिवार ही शिफ्ट हो पाए हैं, जबकि आवंटन आठ डॉक्टरों को किया गया है। जिला अस्पताल में आवास सुविधा देने की योजना कोरोना के पहले बनाई गई थी।

योजना के तहत निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई थी। महामारी की वजह से इसका निर्माण काफी विलंब से हुआ और कुछ जरूरी सुविधाएं नहीं होने तथा आवंटन प्रक्रिया धीमी होने की वजह से यहां डॉक्टरों ने रहना शुरू नहीं किया था। जानकारी के अनुसार आवास से संबंधित अधूरी सुविधाओं को पूरा करने के बाद पिछले कुछ महीने से यहां चिकित्सकीय स्टाफ ने रहना शुरू किया है, मगर अभी छह परिवारों की शिफ्टिंग यहां बाकी है, जिसमें कुछ अधिकारी स्तर के डॉक्टर भी शामिल हैं। आवास निर्माण के बाद संबंधित एजेंसी ने उसे स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कर दिया था, मगर वहां बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का काम बाकी रह गया था। आपत्ति और पत्र व्यवहार के बाद इसे पूरा किया गया तथा समस्याओं का समाधान हो गया। आवास का आवंटन सीएमएचओ सहित जिला अस्पताल में सेवा देने के वाले अन्य चिकित्सकों को किया गया है।

### हो रही शिफ्टिंग

आवंटित आवासों में चिकित्सकों को शिफ्ट होने कहा गया है, इनमें कुछ परिवार आ चुके हैं। डॉक्टरों की अस्पताल परिसर में चौबीस घंटे मौजूदगी ही आवास निर्माण का उद्देश्य है।

- **डॉ. एसके भंडारी**, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

### अस्पताल में उपस्थिति उद्देश्य

इन आवासों के निर्माण का उद्देश्य अस्पताल परिसर में चिकित्सकों की चौबीस घंटे उपस्थिति है। अभी अलग-अलग स्थानों पर रहने की वजह से इमरजेंसी के दौरान एक साथ पहुंचने में विलंब हो जाता है। वर्तमान में ओपीडी के बाद सीनियर डॉक्टर ऑन कॉल ड्यूटी पर रहते हैं और अस्पताल कुछ कंसल्टेंट और जूनियर डाक्टरों के भरोसे रह जाता है।

### आवंटन में भी आई थी आपत्ति

वहां आवास का निर्माण चिकित्सकों के लिए किया गया, मगर आवंटन अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को भी कर दिया गया था। इस मामले को लेकर भी उस दौरान काफी आपत्तियां आई थीं। चर्चा ये थी कि शासकीय आवास की सुविधा लेने के लिए विभिन्न स्तर पर सिफारिश भी लगाई गई थी।







| Raipur To | Zest | Swift | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|---|
| Bilaspur | 1999 | 2199 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur / Ambikapur | 4999 | 5999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 4999 | 7999 | 1999 |




### श्रीश्री रविशंकर ने ज्ञान क्षेत्र का किया उद्घाटन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी में संस्था का ज्ञान क्षेत्र सी-4 सेक्टर-12 कमल विहार का उद्घाटन वैदिक मंत्रों की गूंज में गुरु पूजा, वास्तु पूजा एवं गणेश पूजा हवन के साथ बेंगलुरु आश्रम से श्रीश्री रविशंकर द्वारा ऑनलाइन इंटरनेट के माध्यम से किया गया। इसी दौरान 77 हजार विश्व के ऑनलाइन हैप्पीनेस प्रतिभागियों के बीच छत्तीसगढ़ आर्ट ऑफ लिविंग परिवार को ज्ञान क्षेत्र की आशीष एवं शुभकामनाएं मिलीं। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से कई साधकों ने हिस्सा लिया। इस अविस्मरणीय पल में साक्षी बने संपूर्ण रायपुर के लिए आने वाले समय में योग, ध्यान, ज्ञान, वैदिक धर्म के प्रचार एवं प्रसार में गतिविधियां बढ़ेंगी।

हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 13 मई 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02


'श्रीकांत' में नजर आए जीवन के ...

## लाइव इवेंट

# मातृस्वरूप हैं जीवनरक्षक नर्स आंबेडकर में 30 वर्षों से सेवारत



**रायपुर।** रविवार को मातृ दिवस के साथ नर्स डे भी रहा। नर्स स्वयं भी एक मां होती है। इस भावना के साथ इस अवसर को यादगार बनाने छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा के तत्वाधान में मदर्स डे एवं नर्सिंग डे का संयुक्त आयोजन मैग्नेटो मॉल में आयोजित किया गया। यहां नर्सिंग क्षेत्र में सेवारत 30 सीनियर नर्स का सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा के सांस्कृतिक सचिव हरीश जग्गी ने कहा, डॉक्टर के बाद नर्स का महत्वपूर्ण स्थान होता है। बच्चा जन्म लेने के बाद मां से पहले नर्स के गोद में होता है। गर्भवती महिलाओं एवं नवजात की उचित देखभाल बेहद कठिन कार्य है। टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दिया।

### सीनियर नर्स ने पेश किए गीत

इस अवसर पर मेकाहारा में कार्यरत 25 से 35 वर्ष से सेवाएं दे रहीं सीनियर नर्स नंदा रंगारी, रमोला दास, महेश्वरी साहू आदि कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक शामिल हुईं। कई नर्स ने मां पर कविता सुनाई, कुछ ने गाना गाया। मेकाहारा में कार्यरत सीनियर नर्स शील जेम्स ने तू कितनी अच्छी है... गाने को सुर में गाकर वाहवाही प्राप्त की। इस अवसर पर महिला विंग अध्यक्ष रेनू गुप्ता, मीनू चंगा, युवा विंग अध्यक्ष रोहित अरोरा, सुशील सखूजा, विकास मोदी, प्रीतम अरोरा, डॉ.एसएम कुमार और बड़ी संख्या में पंजाबी समाज के एवं अन्य समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मेकाहारा की नर्स अधीक्षक नंदा रंगारी ने धन्यवाद दिया।

## कैंपस इवेंट

# नर्सिंग छात्रों ने बताया, कैसे बचा सकते हैं आपातकाल में जान




**रायपुर।** स्कोप कॉलेज ऑफ नर्सिंग इंस्टिट्यूट डूमरतालाब के छात्रों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में जयस्तंभ चौक से घड़ी चौक, भगत सिंग चौक सहित शंकर नगर होते हुए मरीन ड्राइव तक रैली निकाली गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम नागरिकों को यह जानकारी दी गई कि यदि अचानक से किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक आ जाए या वो बेहोश हो जाए तो प्राथमिक उपचार के दौरान किस तरह से सीपीआर देकर उस व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नर्स के योगदान को याद करने और उन्हें सम्मान देने के लिए हर साल 12 मई को नर्स दिवस मनाया जाता है। यह दिन मॉर्डन नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाईटिंगल के सम्मान में उनकी जयंती पर मनाया जाता है।


### कोरोनाकाल में बचाई सैकड़ों जान

इस दौरान छात्रों ने बताया कि किस तरह से विश्व में कोरोना महामारी के दौर में जब करोड़ों की तादाद में लोग अस्पतालों में थे, तब डॉक्टर्स के साथ नर्सों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की जिंदगियां बचाई। हेल्थकेयर इंडस्ट्री में दशकों से नर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लगातार नर्सिंग प्रोफेशन बेहतर हो रहा है और इसका महत्व भी बढ़ता जा रहा है। जब भी विश्व में महामारी का दौर आता है, तब नर्स फ्रंटलाइन में खड़े होकर लोगों की जिंदगियां बचाने की कोशिश करती हैं। कोविड के कठिन दौर में भी ऐसा ही हुआ। इस रैली में कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर तृप्ति खाड़े, शिखा शर्मा, ओमकुमारी पतरस, अभिषेक सेमसन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सोशल लाइव

# गम भुलाकर परिवार ने पिता का किया नेत्रदान, अब दो लोग देखेंगे दुनिया

**रायपुर।** आसान नहीं होता है गम की घड़ी में अहम फैसला लेना। मगर ऐसे परिवार शहर में हैं, जिन्होंने गम को भुलाकर नेक इरादे से बड़े निर्णय लिए हैं। शैलेन्द्र नगर निवासी दत्तात्रय गजानंद चौधरी (87) का रविवार को निधन हो गया। इस दुख के समय में भी परिवार के सदस्यों ने नेक इरादे से बड़ा निर्णय लेते हुए उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए नेत्रदान के लिए सहमति दी। दुःख के क्षणों में नेक भावना से निर्णय लेते हुए ज्ञानेश चौधरी, उप पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी एवं महेश चौधरी ने पिता के विचारों का सम्मान करते हुए नेत्रदान में सहयोग दिया। इसके लिए परिवार के लोगों को भी सहमत किया।



### रायपुर एम्स को नेत्रदान

आंखों के महत्व समझते हुए दुख की घड़ी में राजेश चौधरी ने नेत्रदान के लिए परिवार को इस नेक कार्य को करने के लिए बातचीत के बाद तैयार किया। उन्होंने कहा, पिता की आंखों से दो लोगों की आंखों को रोशनी मिलेगी। वे नहीं हैं, मगर उनकी आंखें हमें देखेंगी। विक्रम हिशीकर ने बताया कि उनके इस विचार का हर किसी ने सम्मान किया। वे महाराष्ट्र मंडल के सदस्य थे। रायपुर एम्स में नेत्रदान से दो बच्चे इस दुनिया को देख सकेंगे। गम की बेला में इस बात का सुकून उनके परिजनों के चेहरों से झलक रहा था।

## 7वें नेशनल मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप का समापन

# घर पर बना भोजन सबसे बेहतर, बाजार में मिलने वाले खाने से दूरी हरी सब्जियां और दूध सर्वाधिक लाभदायक, न्यूट्रिशन को तवज्जो

*इंडोर स्टेडियम में आयोजित नेशनल मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। 7वें नेशनल चैंपियनशिप में देशभर के 28 राज्यों के 600 खिलाड़ी शामिल हुए। जिनका शानदार प्रदर्शन देखने शहरभर से दर्शक स्टेडियम पहुंचे रहे। रिंग में रोजाना सुबह से लेकर देर रात तक खिलाड़ियों का मैच चलता रहा। एमएमए इंडिया चैंपियनशिप का रविवार को आखरी दिन रहा। इस दौरान सीनियर खिलाड़ियों के फाइनल मैच देखने मिले।*

**रायपुर।** ओवर ऑल इंडिया चैंपियनशिप में 16 गोल्ड, 1 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर महाराष्ट्र की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर 11 गोल्ड, 12 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल संग जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ी रहे। तीसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी रहे, जिन्होंने 8 गोल्ड, 15 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। विजेताओं को गोल्डन, सिल्वर, ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया।

### युवा वर्ग में छग विजेता तेलंगाना को दी मात

युवा वर्ग के एकल में प्रथम स्थान पर छत्तीसगढ़ के धामेश रायपुरिया रहे। उन्होंने तेलंगाना के साजित जलील को हराकर यह जीत हासिल की। महिला वर्ग में प्रदेश की प्रियांशी बघेल ने सिल्वर मेडल जीतकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा नेता मनमोहन सिंह चावला और विशिष्ट अतिथि के रूप में परमीत सिंह दत्ता शामिल हुए। इस दौरान एमएमए बोर्ड के अध्यक्ष एम सरीफ बापू, महासचिव प्रसाद गायतोंडे, उपाध्यक्ष अजय मारवेह, प्रबंधक नितिन सिंह और दिव्या सिंह मुख्य रुप से उपस्थित रहे।




### मैच से पहले बाहर का खाना बंद

मध्यप्रदेश के कोच शैलेन्द्र यादव ने बताया, सभी खिलाड़ियों का डाइट वेट कैटेगरी के अनुसार तय किया जाता है। इसमें बच्चों का अधिक ख्याल रखना होता है। डाइट में घर का खाना, हरी सब्जी, दूध सबसे लाभदायक है। किसी भी प्रतियोगिता से पहले परिजनों से चर्चा कर खिलाड़ी का डाइट प्लान तैयार किया जाता है, जिसके अनुसार उन्हें खाना दिया जाता है। मैच के एक महीने पहले से बाहर के खाने की मनाही कर दी जाती है।

- महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने मारी बाजी, जीते 16 गोल्ड ,1 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज मेडल
- दूसरे स्थान पर जम्मू-कश्मीर, छग को तीसरा स्थान





### घर का सात्विक आहार

मणिपुर टीम के कोच मबीरबल लाई ने बताया, हम अपने खिलाड़ियों को केवल घर का बना सात्विक भोजन खाने की सलाह देते हैं। बाजारों में मिलने वाले खाने से दूर रहने की सलाह देते हैं। गर्मी मौसम के दौरान खिलाड़ियों को अधिक से अधिक हाइड्रेटेड रखने की कोशिश की जाती है।

### शरीर को ठंडक पहुंचाने वाले ड्राई फ्रूट्स

कश्मीर के कोच जहूर भट्ट ने बताया, हम खिलाड़ियों को फाइनल मैच से पहले प्री कंपीटिशन कराते हैं। इसमें उनका डाइट प्लान तैयार किया जाता है, जिसमें हाई न्यूट्रिशन का विशेष ध्यान रखा जाता है। गर्मी के दौरान खिलाड़ियों को फल और शरीर को ठंडक पहुंचाने वाली ड्राई फ्रूट्स खाने की सलाह दी जाती है।

### असम, मणिपुर से लेकर गुजरात तक के खिलाड़ी पहुंचे



1. असम के खिलाड़ी ईशान अहमद ने बताया, एमएमए गेम की जानकारी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से मिली। मेरी उम्र 13 वर्ष है, नेशनल चैंपियनशिप में यह मेरा प्रथम वर्ष है, जिसमें सिल्वर मेडल मिला है।



2. मणिपुर के खिलाड़ी एवं गोल्ड मेडलिस्ट एन.बिरजीत ने बताया, मेरी जीत का श्रेय मैं अपने कोच को देता हूं। उनकी केवल तीन माह की कड़ी ट्रेनिंग से मैंने गोल्ड मेडल हासिल किया। कंपीटिशन के तीन माह पहले एमएमए खेलने की शुरुआत की। इसके बाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।



3. गुजरात से आए खिलाड़ी युग ने बताया, मेरी उम्र 13 साल है और अब तक मैं 4 बार नेशनल चैंपियनशिप में मेडल जीत चुका हूं। मेरे पिता कोच हैं, जिसके चलते मैं 10 साल की उम्र से एमएमए खेलता आ रहा हूं। अब तक 2 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज जीता है।



4. कश्मीर के खिलाड़ी मो.वसीम ने बताया, बीते 6-7 माह से लगातार प्रतियोगिता की ट्रेनिंग चल रही है। इसके लिए रोजाना 2 से 3 घंटे कोच द्वारा ट्रेनिंग कराई जाती है।

# प्रोफेशनल होने का मतलब स्वार्थी होना नहीं इसके असल मायने सबको साथ लेकर चलना

**रायपुर।** युवा संस्था की ओर से रविवार को प्रोफेशनलिज्म पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता दुष्यंत दास ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने बताया, हमने कितने घंटे पढ़ाई की यह महत्वपूर्ण नहीं है, कितना समझ कर पढ़ रहे हैं, यह महत्वपूर्ण है। प्रोफेशनल होने का मतलब स्वार्थी होना नहीं है। इसका मतलब सबको साथ लेकर चलने वाला होता है। उन्होंने प्रोफेशनलिज्म के विभिन्न पहलुओं कंपीटेंस, कम्युनिकेट, क्रिटिकल थिंकिंग, एथिक्स, आदि को उदाहरण सहित प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित छात्रों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने अध्ययनरत छात्रों को प्रोफेशनलिज्म की आवश्यकता के बारे बताते हुए इसे आज की जरूरत बताया। इसके अलावा मुख्य वक्ता ने अपनी लिखी पुस्तक लेट इट हैच को लिखने के पीछे उद्देश्य और उसके विषय वस्तु के बारे में विस्तार से बताया। अलग-अलग सेक्टर में किस तरह से प्रोफेशनलिज्म अपनाया जा सकता है, इसके बादे में वक्ता ने बताया। विविध कंपनियों से जुड़े उदाहरण भी दिए गए।



### छात्रों के सवालों के दिए जवाब

*कार्यशाला में छात्रों ने पढ़ाई से जुड़े रोचक सवाल पूछे। जिससे संबंधित उदाहरण देते हुए वक्ता ने छात्रों की समस्या का समाधान किया। उन्होंने कहा, अगर आप सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे, तो हर परिस्थिति का सामना कर पाएंगे। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि जब आप खुद को तनाव और समस्या के बीच पाएं, तो हमेशा अपनी सोच और विचारों को सकारात्मक रखें। यह काफी मददगार साबित होगा। कार्यक्रम के बाद उनके द्वारा युवाओं की लाइब्रेरी के लिए किताब डोनेट की गई। इस दौरान संस्था सचिव पल्लवी वर्मा, सीके साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।*

# राज्य पात्रता परीक्षा के लिए व्यापम आज से लेगा आवेदन

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा के लिए 13 मई से आवेदन प्रारंभ किए जाएंगे। इसके लिए व्यापम द्वारा पूर्व में ही अधिसूचना जारी की जा चुकी है। 21 जुलाई को होने वाली इस परीक्षा के लिए आवेदन 9 जून तक किए जा सकेंगे। अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में त्रुटि सुधारने के लिए 10 से 12 जून तक का समय मिलेगा। जारी अधिसूचना के अनुसार, परीक्षा 21 जुलाई को आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों में विभिन्न विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती तथा तमाम जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्राप्त करने के लिए आयोजित की जाने वाली यह परीक्षा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक शिक्षा मंडल द्वारा दो पालियों में आयोजित की जाएगी।




### 8 जिलों में बनाए जाएंगे सेंटर

पहली पाली सुबह 10 बजे से 11 बजे तक होगी और इसमें पेपर-1 का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे से 4.15 तक दूसरी पाली में पेपर-2 का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए एग्जाम सेंटर अंबिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर, दंतेवाड़ा, कांकेर और जशपुर में बनाए जाएंगे। इसी अवधि के दौरान ही उम्मीदवारों को निर्धारित परीक्षा शुल्क 700 रुपए का भुगतान भी करना होगा। हालांकि, छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी सभी वर्गों के उम्मीदवारों के लिए शुल्क में पूरी छूट है। केवल दूसरे राज्य के निवासियों से ही यह शुल्क लिया जाएगा।

## समर कैंप : मोबाइल एडिक्शन छुड़ाने खास तरह के सेमिनार, एक्सपर्ट्स ने दिए टिप्स

कॉर्नर न्यूज

# 10 में से 8 शहरी युवा मोबाइल एडिक्शन का शिकार, इससे बढ़ रही है अलगाव की प्रवृत्ति, बच्चों में हिंसक व्यवहार के लिए यह लत जिम्मेदार

**रायपुर।** गर्मी आते ही शहर में समर कैंप का आयोजन शुरू हो गया है। बच्चों और बड़ों में बढ़ते मोबाइल एडिक्शन को देखते हुए इससे निजात पाने कई तरह के कैंप भी लगाए जा रहे हैं। इसमें विशेषज्ञों द्वारा लोगों को मोबाइल फोन से दूरी बढ़ाने और सिर्फ जरूरत के लिए ही इसका प्रयोग करने की सलाह दी जा रही है। इन समर कैंप में खास तरह के सेमिनार भी आयोजित किए जा रहे हैं। टिकरापारा स्थित नूतन स्कूल में चल रहे समर कैंप में रविवार को विशेष सत्र आयोजित किया गया। यहां मोबाइल एडिक्शन के प्रति लोगों में जागरूकता अभियान और काउंसलिंग कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। रविवार को आयोजित सेमिनार में युवा वर्ग को मोबाइल एडिक्शन से होने वाले अवसाद, रेडिएशन के दुष्प्रभाव, टू व्हीलर और फोर व्हीलर चलाते समय गर्दन में स्मार्टफोन दबाकर बात करने के संबंध में विशेष सत्र का आयोजन किया गया।



### ऑनलाइन पढ़ाई से बढ़ी समस्या

मुख्य वक्ता के रूप में कॅरियर काउंसलर केएम अग्रवाल ने कहा, कोरोना महामारी के बाद लॉकडाउन में ऑनलाइन पढ़ाई के बाद युवाओं में मोबाइल एडिक्शन बढ़ा है। इससे युवाओं के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। उन्होंने एक अध्ययन रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि 10 में से 8 युवा आज मोबाइल एडिक्शन का शिकार है। जिससे उनके व्यवहार में हिंसक प्रवृत्ति, चिड़चिड़ापन और परिवार व समाज के प्रति लापरवाहीपूर्ण अलगाव देखा जा रहा है।

### समाज के लिए गंभीर बीमारी

वक्ताओं ने मोबाइल एडिक्शन को 21वीं शताब्दी का एक गंभीर और चिंताजनक नशा निरूपित करते हुए कहा कि इसके लिए व्यापक तौर पर प्रत्येक मोहल्ले, गांव और शहर में अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। जिस तरह से छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ी है, ठगी प्रथा बढ़ी है, उसी तरह से सोशल मीडिया के शिकार युवा हो रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर प्रतिदिन प्रदेश और देश में सैकड़ों की संख्या में युवा आत्महत्या कर रहे हैं। यह परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए हानिकारक है। इसे रोका जाना चाहिए। सबको मिलकर प्रयास करना होगा। यह मोबाइल एडिक्शन हमारे समाज के लिए एक गंभीर बीमारी बन चुकी है।

### मोबाइल रेडिएशन के भी हैं अपने खतरे

स्कूल समर कैंप की प्रभारी सुनीता रायकवार ने कहा, युवाओं को मोबाइल एडिशन से बचने के लिए हमारी संस्था विकास परिषद द्वारा योग, प्राणायाम और ध्यान की कक्षाएं प्रतिदिन संचालित की जा रही हैं। इसमें कोई भी स्कूली बच्चा और युवा भाग ले सकता है। सेमिनार में समाजसेवी बीआर किन्हेंकर ने कहा, हम ही अपने दुश्मन हैं और दोस्त भी। मोबाइल का प्रयोग सभी बातों को ध्यान में रखकर करें। प्राचार्य डॉ.ममता पांडे ने भी विस्तार के साथ मोबाइल रेडिएशन से होने वाले खतरों के प्रति युवाओं को आगाह कराया।

## धर्म लाइव

# औषधियों से होगा अभिषेक मंत्रोच्चार संग उत्तर पूजन



रायपुर। आकाशवाणी तिराहा के पास स्थित मां महाकाली मंदिर में स्थापित विग्रह को बदलने और नव विग्रह को स्थापित करने के लिए नागा-साधु, संतो और महंतों के मार्गदर्शन में 24 से 28 अप्रैल के बीच प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव किया गया। इसके बाद क्षरण से प्रभावित मां के विग्रह का स्थान परिवर्तन के बाद 5 मई को 21 आचार्यों की अगवाई में विसर्जन यात्रा रायपुर से प्रयागराज के लिए रवाना हुई। जहां नागा साधुओं, आचार्यों के साथ विधि विधान से प्रतिमा का विसर्जन किया गया। वहां से लौटने के बाद धर्मन्यास के पदाधिकारियों की मौजूदगी में अब चित्रकुट, बनारस, टीकमगढ़, रीवा सहित अलग-अलग क्षेत्र से आने वाले 11 आचार्यों की मौजूदगी में 16 मई को प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की अंतिम पूजा के रुप में उत्तर पूजा होगी। इसमें आचार्यों और वेदाचार्यों के द्वारा सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक पूजा-अर्चना होगी। यह जानकारी ट्रस्ट के सचिव प्रो. डीके दुबे ने दी।

### मंदिर में गूंजेगा मंत्रोच्चार

उन्होंने बताया कि इसके लिए अभी जरूरी तैयारी की जा रही है। अंतिम पूजा के लिए नागा-साधु संतों द्वारा बताए गए दिन गुरुवार को सुबह 8 बजे मासिक दुर्गा अष्टमी तिथि में उत्तर पूजा विधान किया जाएगा। इस दौरान मां महाकाली का विभिन्न औषधियों से अभिषेक होगा। पूजन, श्रृंगार के बाद प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान में जाने-अनजाने में हुई गलती के लिए क्षमा याचना की जाएगी। इसके बाद पंडितों को भोजन करवाने के बाद इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन किया जाएगा। इसके बाद परंपरागत रुप से पूजा होगी।

## सिटी लाइव

# लोगों को योग से जोड़ने प्रयोग 53 जगह निशुल्क प्रशिक्षण



रायपुर। भारतीय योग संस्थान द्वारा अवंति विहार हनुमान मंदिर केंद्र में मधुमेह रोग निवारण शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को तीन दिवसीय शिविर का अंतिम दिन रहा। जहां प्रशिक्षकों द्वारा मधुमेह के कारण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान मधुमेह में उचित खानपान की व्यवस्था, रोग के दौरान प्राणायाम के लाभ पर भी चर्चा किया गया। संस्थान का मुख्य उद्देश्य योग के प्रति लोगों को जागरुक करना और व्यक्ति को स्वस्थ्य रखना रहा।

### सुबह 5 बजे प्रारंभ होता है अभ्यास

संस्थान द्वारा रोजाना निशुल्क रुप से शहर के विभिन्न स्थानों पर योग कराया जाता है। शहर स्थित जगन्नाथ मंदिर, शिवसाई हनुमान मंदिर, नलघर चौक सिंधु भवन, बूढ़ातालाब, कटोरा तालाब, गोपी चंदनानी पार्क, बीटीआई ग्राउंड, गांधी उद्यान, चैतन्य धाम पार्क, आनंद निकेतन, अवंति विहार, कमल विहार, ऑक्सीजोन पार्क, भैरव सोसाइटी पार्क जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क योग प्रशिक्षण कराया जाता है। यह प्रशिक्षण रोजाना सुबह 5 बजे से शुरु होता है। शहर में लगभग 50 से अधिक स्थानों पर संस्थान द्वारा कैंप चलाया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए सांस्थान के लिए 98279-28405 पर संपर्क कर जानकारी एकत्र की जा सकती है।

## सोशल इवेंट

# प्रशासनिक सेवा के प्रतिभागियों से सीधे संवाद करेंगे अफसर, सम्मान भी

रायपुर। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा अखिल भारतीय व राज्य प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे स्थानीय युवाओं के लिए 'आयाम ऊंची उड़ान का' कार्यक्रम का आयोजन 18 मई को शाम 4 बजे से किया जा रहा है। इस आयोजन में अखिल भारतीय सेवा के प्रशासनिक, पुलिस, वन व अन्य संवर्गों के अधिकारियों से सीधे संवाद कर प्रतिभागी अपनी तैयारियों के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही यूपीएससी में चयनित युवा भी इस अवसर पर अपने अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक सभी प्रतिभागियों को निर्धारित लिंक पर अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। रायपुर जिला प्रशासन द्वारा अखिल भारतीय व राज्य प्रशासनिक सेवा से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े स्थानीय युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने 'आयाम ऊंची उड़ान का' कार्यक्रम का आयोजन 18 मई को शाम 4 बजे से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में वर्ष 2011 से 2024 तक चयनित आईएएस, आईपीएस, आईएफएस व अन्य संवर्गों के अफसरों को जिला प्रशासन द्वारा विशेष तौर पर मार्गदर्शन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

### बोर्ड परीक्षा के मेरिट लिस्ट के विद्यार्थियों का सम्मान

इस दौरान मेधा सम्मान समारोह का भी आयोजन होगा, जिसमें अखिल भारतीय सेवा की परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के साथ ही 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्यता प्राप्त करने वाले स्थानीय विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नालंदा परिसर, तक्षशिला, सेंट्रल लाइब्रेरी, स्थानीय संस्थानों में अध्ययनरत युवा प्रतिभागियों के साथ ही इस बार उनके अभिभावक भी शामिल हो सकेंगे और प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारियों से जुड़े अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त कर सकेंगे। पंजीयन के लिए लिंक से संबंधित क्यू-आर कोड भी जारी किया गया है, जो जिला प्रशासन रायपुर, नगर निगम रायपुर व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स जैसे फेसबुक, ट्विटर-एक्स, इंस्टाग्राम पर उपलब्ध है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को शनिवार 18 मई को दोपहर 3.30 बजे तक पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में पहुंचकर अपना स्थान सुनिश्चित करना होगा।

---

● फिल्म देखने सुबह 7 बजे दूसरे जिलों से पहुंचे दर्शक, परिजनों और दोस्तों संग देखी फिल्म

# 'श्रीकांत' में नजर आए जीवन के असल मायने संघर्ष को नया आयाम और संदेश देती फिल्म

"हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के सुधि पाठकों और दर्शकों के लिए आयोजित मॉर्निंग मूवी मेनिया के दूसरे सप्ताह 400 से अधिक लोगों ने बॉलीवुड फिल्म श्रीकांत देखी। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में आयोजन को लेकर जमकर उत्साह देखने को मिला। धरसींवा, अभनपुर, आरंग समेत दूसरे शहरों-गांवों से बड़ी संख्या में लोग रविवार सुबह 7 बजे से हाथों में टिकट लिए थियेटर पहुंचने लगे थे।







रायपुर। लोगों ने अपने दिन की शुरुआत हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के मॉर्निंग मूवी मेनिया कार्यक्रम से की और सफल आयोजन के लिए धन्यवाद भी कहा। छुट्टी के दिन कार्यक्रम के जरिए लोगों ने अपने दोस्तों और परिवार के साथ अच्छा समय बिताया। फिल्म श्रीकांत अभिनेता राजकुमार राव ने दमदार अदाकारी से लोगों को प्रभावित किया। श्रीकांत की कहानी नेत्रहीन श्रीकांत बोला पर आधारित है। फिल्म में उनकी पूरी जर्नी को बयां किया गया।

### दर्शकों ने कहा- मॉर्निंग मूवी मेनिया का करते हैं इंतजार

मॉर्निंग मूवी मेनिया के पिछले शो की तरह यह शो भी दर्शकों से भरा रहा। लोगों ने इस दौरान खूब एन्जॉय किया। फिल्म देखकर बाहर निकले दर्शकों ने कहा कि हरिभूमि-आईएनएच न्यूज अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर रहा है। लोगों तक सबसे तेज और निष्पक्ष खबर पहुंचाने के साथ-साथ अपने पाठकों और दर्शकों के लिए मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, ताकि पूरा परिवार एक साथ मिलकर समय बिता सके। हर साल यह आयोजन किया जा रहा है। इस वजह से बच्चों को खास इस आयोजन का इंतजार रहता है। दर्शकों ने कहा, मूवी मेनिया की वजह से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज से रिश्ता और भी मजबूत हो चुका है।

### बुजुर्ग और दिव्यांग भी पहुंचे

हरिभूमि ने दर्शकों से बातचीत की, जिसमें शहर के तोरण साहू ने बताया कि दूसरे सप्ताह दोस्तों के साथ फिल्म देखने पहुंचा। इसके अलावा शहर निवासी हेमा तिवारी अपने बच्चों के साथ फिल्म देखने पहुंचीं। उन्होंने बताया कि लगातार दो सप्ताह आयोजन के जरिए फिल्म देखने को मिली। छुट्टी का दिन होने से परिवार के साथ अच्छा समय बीता। बुजुर्ग व दिव्यांग भी फिल्म देखने उत्साहित नजर आए।

हरिभूमि आईएनएच न्यूज के मूवी मेनिया में दूसरे हफ्ते दर्शकों ने देखी फिल्म 'श्रीकांत'





### इनका रहा विशेष सहयोग

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज प्रत्येक वर्ष अपने पाठकों और दर्शकों के लिए मॉर्निंग मूवी मेनिया मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। आयोजन को सफल बनाने इस बार श्री नारायणा हॉस्पिटल, कलिंगा यूनिवर्सिटी, नारायणा हेल्थ एमएमआई, सिंघानिया, बिल्डकॉन, मैजिक पेंट, सरोवर पोर्टिको, ब्लू लाइन, हर्षित सिंघानिया बिल्डकॉन, जे-70, रालास मोटर्स, राम श्याम ग्लास, श्री स्वास्तिक ग्रुप, एएन ऑटोमोबाइल, घर फर्नीचर, भसीन मोटर्स, मोर हॉस्पिटल, न्यूज प्लस 21, हीरा बेकरी का विशेष सहायोग रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अमर पारवानी रहें। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज प्रबंधन टीम ने भी मुख्य भूमिका निभाई है। इनमें महाप्रबंधक अनिल गहलावत, एजीएम निलेश द्विवेदी, मार्केटिंग मैनेजर संजय बनवासी, आईएनएच मार्केटिंग मैनेजर आदर्श श्रीवास्तव, असिस्टेंट मैनेजर आनंद मिश्रा, चंद्रकांत श्रीवास समीर चौधरी, आकाश मानस, सिटी सर्कुलेशन हेड आशीष दास महंत, सुमित महोबिया, तोरणलाल साहू समेत हरिभूमि की पूरी टीम शामिल रही।

---



# राम भक्त हनुमान पहुंचे भक्तों के बीच बारिश पश्चात देर रात निकली झांकी







रायपुर। बजाए जा तू प्यारे हनुमान चुटकी.., सजा लो घर को गुलशन सा... जैसे भक्तिमय भजनों की श्रृंखला सजाते हुए बिलासपुर के किशोरी म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने समां बांध दिया। भजनों के साथ झांकी भी निकाली गई। अलग-अलग परिधान में कोई हनुमान की तरह सज-धजकर मंच पर मनमोहक मुद्रा में नृत्य करते नजर आया, तो किसी ने शेर व मां दुर्गा के स्वरुप में जसगीत पर झूमते हुए लोगों के बीच अपनी कला की छाप छोड़ी। यह सिलसिला रात 9.30 बजे से लेकर देर रात तक चलता रहा। लोगों को भक्तिमय माहौल में शामिल होने का अवसर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राह्मण समाज द्वारा दिया गया। परशुराम जन्मोत्सव एवं डंगनिया स्थित परशुराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के 8वें वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन आकर्षक झांकी के साथ गौरव जोशी एवं साथियों ने भजनों की बेजोड़ प्रस्तुति से लोगों को खुशी का एहसास कराया।

### कलाकारों की अद्भुत भाव-भंगिमाएं

म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने भजन संध्या के दौरान श्री भगवती चरण ल पखारव.., झूपत-झूपत आबे दाई... जैसे जसगीतों पर मंच के सामने झुपते हुए पहुंचे। इसे देखने आए लोगों ने झांकी को कैमरे में कैद करने के साथ ही कलाकारों संग फोटो भी खिंचवाई। हनुमान को वेश धरे कलाकार को लोगों को ने खूब सराहा। वहीं दर्शकों को बारिश के बाद भजन संध्या का लुत्फ उठाने के लिए आयोजकों ने बेहतर माहौल दिया।

---

शोलापुरी उत्सव : डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के पूजा पंडाल में विधि-विधान से हुई पूजा

# हल्दी-पानी संग नीम का पत्ता लेकर सुहागिनों ने पखारे पांव

कार्नर न्यूज

रायपुर। राटा संकल्प के साथ 3 मई से डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित मैदान में सजाए गए भव्य पंडाल में श्री श्री शोलापुरी माता पूजा शुरु हुई। इस उत्सव के अंतिम दिन रविवार को दोपहर 12 से 2 बजे के बीच शोलापुरी माता को 21 तरह के व्यंजनों का भोग भी लगाया गया। इस दौरान पंडाल में वैसा ही माहौल देखने को मिला, जैसा घर आई बेटी की विदाई से पहले होता है। वहीं इस दौरान पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर पुजारी पी.मोहन राव व उनके साथ आए सात पुजारियों ने मंत्रोच्चार के साथ माता को भोग प्रसादी भी अर्पित किया। इसमें पूजा उत्सव समिति के लोग सपरिवार शामिल हुए। माता के आस्थावान भक्त परिवार के साथ उत्सव में शामिल होने के लिए पहुंचे। भोग लगाने का नियम पूरा होने के बाद नियमित प्रक्रिया व विधान के तहत पंडाल में बाल पुजारियों ने भोग प्रसाद ग्रहण किया।



### तपती दोपहरी में उमड़ी भीड़

शोलापुरी माता का रोज अलग-अलग स्वरुप में दर्शन के लिए पहुंचने वाले भक्त पूजा के अंतिम अवसर पर तपती दोपहरी में पहुंचे। इससे पंडाल में चौतरफा भीड़ रही। इनके बीच से बनाए गए रास्ते से सिर पर टोकनी में व्यंजन लेकर पुजारियों के मार्गदर्शन में भक्तों ने दौड़ लगाई। करीब डेढ़ घंटे तक यह सिलसिला चला। इसके बाद सभी व्यंजनों को सजाकर मंत्रोच्चार करते हुए माता को भोग भी अर्पित किया गया। इस दृश्य को लोग कैमरे में कैद कर रहे थे। लोक कलाकार वाद्ययंत्रों के जरिए लोगों को उत्सव का माहौल दे रहे थे।

### विदाई से पहले आव-भगत

समिति के अध्यक्ष एम.साई व महासचिव सत्यम दुआ ने बताया कि पूजा उत्सव विगत 52 वर्षों से परंपरागत रुप से मनाया जा रहा है। जिस प्रकार से ससुराल से बेटी को मायके लाने के लिए पहले सूचना भेजी जाती है, फिर उन्हें लेने जाते हैं। बेटी के आने पर घर-परिवार में उत्सव का माहौल होता है। इसी तरह परंपरा से माता की सेवा जुड़ी है। इसमें 9वें दिन विदाई से पहले आव-भगत में 21 तरह के व्यंजन परोसते हैं। इसे लोग प्रसाद स्वरुप ग्रहण करने पहुंचते हैं। वहीं माता का साज-श्रृंगार पुजारियों द्वारा किया जाता है।

### पारंपरिक वाद्ययंत्रों का वादन



पुजारी पी. मोहन राव ने बताया, माता की पूजा में हल्दी- कुमकुम का उपयोग किया जाता है। विदाई से पहले मंत्रोच्चार के साथ पांव पखारने की परंपरा हर साल निभाई जाती है। इसके बाद माता की विदाई यात्रा शुरु होती है। लोग दर्शन करके माता का पांव पखार सकें, इसके लिए पारंपरिक वाद्ययंत्रों व धुमाल के साथ उनकी विदाई में भक्त परिवार शामिल होते हैं। इसमें जिस घर के सामने से भी माता की झांकी गुजरती है, उस परिवार की महिलाएं हल्दी-पानी के साथ ही नीम का पत्ता लेकर पांव पखारने की रस्म निभाते हुए आशीष लेती हैं।

### इन मार्गों से निकली विदाई यात्रा

बारिश के चलते रात 9 बजे पंडाल से विदाई यात्रा शुरु हुई। धुमाल व बैंडबाजे के साथ नाचते हुए लोग उत्सव की कड़ी में आगे बढ़े। विदाई यात्रा पूजा पंडाल से डीआरएम बंगला, प्रेम नगर, हॉस्पिटल बस्ती, मार्केट, फिल्टर प्लांट व केंद्रीय विद्यालय क्षेत्र से घुमते हुए शोलापुरी माता मंदिर पहुंची। इस दौरान पुजारियों के मार्गदर्शन में ही जगह-जगह महिलाएं विदाई के दौरान अपने घरों व मकानों से बाहर निकली और पारंपरिक तरीके से शोलापुरी माता का पांव पखारने की रस्म निभाते हुए परिवार की खुशहाली के लिए कामना की।

## सिटी स्पोर्ट्स

### ओवरऑल इंडिया चैम्पियन बने महाराष्ट्र के खिलाड़ी




**रायपुर।** राजधानी रायपुर में मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) इंडिया चैम्पियनशिप के अंतिम दिन रविवार को सीनियर खिलाड़ियों का फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमे ओवर ऑल इंडिया चैम्पियनशिप में 16 गोल्ड 1 सिल्वर 12 ब्रॉन्ज मैडल जीत कर महाराष्ट्र की टीम ने पहला स्थान प्राप्त कर पूरे भारत मे अपने राज्य का परचम लहरा दिया है। वही 11 गोल्ड,12 सिल्वर, 3 ब्रॉन्ज मैडल जीत कर जम्मू एन्ड कश्मीर की टीम दूसरे स्थान पर रही और 8 गोल्ड,15 सिल्वर,3 ब्रॉन्ज़ मैडल जीत कर छत्तीसगढ़ की टीम तीसरे स्थान पर रही। युवावर्ग के एकल फाइट में पूरे भारत में प्रथम स्थान पर रहे छत्तीसगढ़ के धामेश रायपुरिया ने तेलंगाना के साजित ज़लील को हरा कर जीत हासिल की और महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ की बेटी प्रियांशी बघेल ने सिल्वर मैडल जीत कर दूसरा स्थान हासिल किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को एमएमए इंडिया के मंच पर भाजपा के वरिष्ट नेता मनमोहन सिंह चावला ने मैडल सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया। एमएमए का इस नेशनल चेम्पियनशिप में 28 राज्यो से छह सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमे चारसौ पुरूष और दो सौ महिला खिलाड़ी थे। इनमें से फाइनल मैच में सीनियर टीम से 50 खिलाड़ी पहुंचे थे। जिनमे 16 महिला खिलाड़ी और 34 पुरूष खिलाड़ी शामिल थे। इन सभी सीनियर खिलाड़ियों ने मैच खेला और इनमें से कई ने मैडल जीत कर अपने राज्य का नाम रौशन किया। रविवार को शाम 4 बजे समापम के अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ट भाजपा नेता मनमोहन सिंह चावला और विशिष्ट अतिथि परमीत सिंह दत्ता रहे ।इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में एमएमए बोर्ड के अध्यक्ष एम शरीफ बापू, महासचिव प्रसाद गायतोंडे, उपाध्यक्ष, अजय मारवेह, नितिन सिंह, दिव्या सिंह, ऑफिशियल में आकाश मैथ्यू,महेश जनतली, नागेश्वर राव,हेमन्त प्रजापति, एथलीट कमीशन में अध्यक्ष मोहम्मद बिलाल,उपाध्यक्ष सुरभि सांक,तकनीकी टीम में आकिब एवं टीम मेडिकल टीम से हरिकृष्ण हॉस्पिटल के डॉ निदा चंद्र, शासकीय अस्पताल से डॉक्टर प्रज्ञा तेलंग की टीम और मीडिया प्रभारी मुरली नायर के साथ अन्य लोगों का योगदान रहा।

### महिला क्रिकेट में वेस्ट जोन और सेंट्रल जोन की शानदार जीत



**रायपुर।** सीएससीएस द्वारा आयोजित महिला सीनियर वन डे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत रविवार को रोमांचक मैच हुआ। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर में टीम वेस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन का मुकाबला हुआ। जिसमें वेस्ट जोन ने यह मैच 35 रन से जीता। टॉस साउथ जोन ने जीता एवं पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 199 रन, श्वेता देवांगन ने 60 रन, पहल टंडन ने 47 रन एवं रूमा दास ने 44 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन से ऐश्वर्या सिंह एवं दुर्गेश नंदिनी साहू ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में साउथ जोन की खिलाड़ी 40 ओवर में 164 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें कुमुद साहू ने 60 रन और नेहा बड़वाईक ने 32 रन बनाए। गेंदबाजी वेस्ट जोन सृष्टि शर्मा ने चार विकेट एवं पल्लवी वर्मा ने दो विकेट लिए। रविवार का दूसरा मैच बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में खेला गया। ईस्ट जोन के विरुद्ध मुकाबले में सेंट्रल जोन ने यह मैच छह विकेट से जीत लिया। टॉस ईस्ट जोन ने जीता एवं पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन की टीम 43 ओवर में 145 रन पर आउट हो गई।

### राष्ट्रीय नेटबॉल में छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने जीता कांस्य पदक



**रायपुर।** रेवाड़ी (हरियाणा) में 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 के अंतर्गत नेटबॉल बालक/बालिका 19 वर्ष आयु वर्ग के मुकाबले हुए।. जिसमे छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता। छत्तीसगढ़ टीम के मुख्य दल प्रबंधक एवं प्रशिक्षक शरद पंसारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की बालक बालिका की दोनों टीमें अपने पुल के लीग मैच में सभी को हराकर सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। बालक टीम ने अपने पुल सी में रहते हुए मध्यप्रदेश को 10- 20 से तथा तेलंगाना को 5- 10 से हराकर क्वॉर्टर फाइनल में विद्या भारती को 1- 15 से हराकर सेमी फाइनल में दिल्ली से हारकर हार्ड लाईन मैच में पंजाब से 14 – 18 से हार गई, जिससे चौथे स्थान पर ही संतोष करना पड़ा।बालिका टीम ने पुल बी में रहते हुए डीएव्ही को 7- 16 से तथा चंडीगढ़ को 9 – 21 से हराया। क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु को 9 – 21 से हराकर छत्तीसगढ़ की बेटियां सेमीफाइनल में दिल्ली से 11 – 13 से हार गई तथा हार्ड लाईन मैच में केरल को 27- 31 से हरा कर तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया।

तुरंत छोड़ना होंगा इन आदतों को, रहेंगे हमेशा स्वस्थ

# दिनचर्या में इस तरह बदलाव कर आसानी से नियंत्रित कर सकते हैं मधुमेह का स्तर

रक्त शर्करा का स्तर सामान्य से अधिक बने रहना डायबिटीज यानि मधुमेह रोग का कारण बनता है। साल 2021 के आंकड़ों के अनुसार 20 से 79 वर्ष की आयु वाले 537 मिलियन (53.7 करोड़ से अधिक लोग) इस रोग के शिकार हैं। साल 2045 तक ये आंकड़ा बढ़कर 783 मिलियन (78.3 करोड़) से अधिक होने की आशंका जताई गई है। भारत में भी डायबिटीज के मामले पिछले दो दशकों में काफी तेजी से बढ़े हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण इस रोग का खतरा बढ़ता जा रहा है। जिन लोगों के परिवार में किसी को डायबिटीज रही है या फिर अन्य जोखिम कारक हैं उन्हें इसको लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, ब्लड शुगर को कंट्रोल रखने के लिए कुछ आदतों में सुधार करना जरूरी है। खानपान को सही रखना, नियमित व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाना मधुमेह रोगियों के लिए आवश्यक है। इसके अलावा ये जानना भी जरूरी है कि डायबिटीज रोगियों को किन चीजों से परहेज करना चाहिए जिससे शुगर को बेहतर तरीके से नियंत्रित रखा जा सके?




### कार्बोहाइड्रेट वाली चीजों का कम करें सेवन

भोजन में तीन मुख्य प्रकार के कार्बोहाइड्रेट होते हैं: स्टार्च, चीनी और फाइबर। मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए स्टार्च और शर्करा बड़ी समस्या पैदा करते हैं क्योंकि शरीर इन्हें ग्लूकोज में तोड़ देता है। इनसे भरपूर चीजों के सेवन के कारण तेजी से शुगर का स्तर बढ़ने का खतरा हो सकता है। जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है उन्हें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम करके फाइबर वाली चीजों का अधिक सेवन करना चाहिए। आहार में इस प्रकार का बदलाव करके ब्लड शुगर को नियंत्रित रखना आसान हो सकता है।



### बदल लें रात के खाने का समय

कई लोगों को रात में देर से खाने की आदत होती है। क्या आप जानते हैं कि इसके कारण आप गंभीर समस्याओं के शिकार हो सकते हैं। जब आप रात में देर से खाते हैं तो इससे मेटाबॉलिज्म से संबंधित समस्याओं का खतरा हो सकता है। ज्यादातर अध्ययनों में विशेषज्ञ कहते हैं रात का खाना शाम को छह से सात बजे के बीच जरूर खा लेना चाहिए। खाने के बाद कम से कम 10-15 मिनट की वॉक जरूर करें इससे कार्बोहाइड्रेट को बेहतर तरीके से पचाने में मदद मिलती है।

### शारीरिक निष्क्रियता आपकी दुश्मन

डायबिटीज के खतरे से बचाना चाहते हैं या फिर डायबिटीज को कंट्रोल करना चाहते हैं तो जीवनशैली में बदलाव, विशेषतौर पर शारीरिक निष्क्रियता को कम करना सबसे जरूरी है। लगातार कई घंटों बैठकर काम करते रहना, व्यायाम की कमी के कारण शुगर बढ़ने का खतरा रहता है। अगर आप चाहते हैं कि शुगर लेवल कंट्रोल रहे, तो दिन में कम से कम 40 मिनट व्यायाम जरूर करें। शारीरिक निष्क्रियता वाले लोगों में डायबिटीज की जटिलताओं का खतरा अधिक होता है।

## भ्रामक हो सकते हैं डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों पर लगाए लेबल के दावे



पहले बच्चों को दिए जाने वाले खाद्य पदार्थ (बेबी फूड्स) और फिर कई मसालों की गुणवत्ता में पाई गई कमी ने डिब्बाबंद चीजों के सेवन को लेकर लोगों के मन में डर पैदा कर दिया है। इसी से संबंधित एक हालिया बयान में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने लोगों को सावधान करते हुए कहा है कि पैकेज्ड वस्तुओं पर लगे खाद्य लेबल भ्रामक हो सकते हैं। शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान निकाय ने इस बात पर जोर देते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं को जानकारी को ध्यान से पढ़ना चाहिए। आहार के लिए स्वस्थ विकल्पों का चुनाव करने के लिए थोड़ी सावधानी बरतनी जरूरी है।

आईसीएमआर ने कहा कई खाद्य पदार्थ जो शुगर-फ्री होने का दावा करते हैं असल में उनमें वसा की मात्रा अधिक हो सकती है। इसी तरह से डिब्बाबंद फलों के रस में केवल 10 प्रतिशत तक फलों का गूदा हो सकता है। हाल ही में जारी अपने आहार दिशानिर्देशों में, आईसीएमआर ने कहा कि पैक्ड फूड पर स्वास्थ्य संबंधी दावे उपभोक्ताओं का ध्यान खींचने और उन्हें यह समझाने के लिए डिजाइन किए जाते हैं कि उत्पाद स्वस्थ है, लेकिन असल में ये कितने स्वस्थ है इसपर अपने विवेक से ध्यान देना जरूरी है।

## ऐसे काम करने से मां लक्ष्मी हो जाती हैं नाराज, जानें क्या कहता है गरुड़ पुराण



पक्षीराज गरुड़ को भगवान श्रीहरि विष्णु का वाहन कहा जाता है। एक बार पक्षीराज गरुड़ ने भगवान विष्णु से प्रश्न पूछा कि मृत्यु के बाद प्राणियों की स्थिति, यमलोक तक की यात्रा, नरक, योनि और पापियों की दुर्गति से जुड़ी कई रहस्यमय और रहस्यपूर्ण बातें हैं। भगवान विष्णु ने गरुड़जी को उनकी जिज्ञासा शांत करने के लिए जो ज्ञानपूर्ण उपदेश दिया, वह ज्ञानपूर्ण उपदेश गरुड़ पुराण कहा जाता

### बासी खाना न खाएं

गरुड़ पुराण के अनुसार बासी भोजन नहीं करना चाहिए। बासी भोजन जहर के समान माना गया है। इसके सेवन से आयु कम होती है।

### सुबह जल्दी उठें

गरुड़ पुराण के अनुसार लंबी आयु के लिए आपको सुबह जल्दी उठना होगा। देर तक सोने से स्वास्थ्य पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ता है और साथ मां लक्ष्मी भी नाराज रहती हैं। जो लोग सुबह जल्दी उठकर ध्यान आदि लगाते हैं उनके घर में कभी भी दरिद्रता का वास नहीं होता।

### किसी को कष्ट न दें

गरुड़ पुराण के अनुसार किसी भी व्यक्ति को न मानसिक रूप से और न ही शारीरिक रूप से कष्ट पहुंचाना चाहिए। गुरुड़ पुराण में कहा गया है कि ऐसा करने वालों को जीवन में कभी सुख नहीं मिलता। ऐसे करने वालों की पद-प्रतिष्ठा सब मिट्टी में मिल जाती है और धन भी छिन जाता है।

### किसी को धोखा न दें

गरुड़ पुराण के अनुसार किसी व्यक्ति को धोखा नहीं देना चाहिए। जो व्यक्ति किसी के साथ विश्वासघात करते हैं वे पाप की श्रेणी में आते हैं। ऐसा करने वाला नर्क की अग्नि में जलता है।

### कंजूसी न बनें

गुरुड़ पुराण के अनुसार धनवान होकर भी हमेशा गरीबी या आर्थिक तौर पर कंजूसी का दिखावा नहीं करना चाहिए। जो लोग इस तरह का व्यवहार करते हैं उनसे मां मां लक्ष्मी रूठ जाती हैं और घर में सदैव दरिद्रता का वास होता है।



## बच्चों को गर्मियों में क्या खिलाएं और क्या नहीं, जरूर जानें

तेज धूप और गर्म तापमान के चलते अच्छे-अच्छे धुरंधर गर्मियों के मौसम में पस्त पड़ जाते हैं, तो जरा सोचिए बच्चों की क्या हालत होती होगी? माता पिता को हर वक्त एक ही चिंता सताती है कि बच्चों को गर्मियों के मौसम में क्या खिलाया जाए और क्या नहीं खिलाया जाए, जिससे बच्चों की सेहत अच्छी बनी रहे।अगर आप भी इस बात को लेकर चिंतित रहते हैं तो हम आपको कुछ ऐसे खाद्य पदार्थों की लिस्ट बता रहे हैं जिससे आपकी काफी मदद हो सकती है।

### गर्मियों में बच्चों को इन चीजों से रखें दूर

एक्सपर्ट हमेशा माता-पिता को सलाह देते हैं कि गर्मियों में अपने बच्चों को ज्यादा मसालेदार भोजन खिलाने से बचें। ऐसा इसलिए है क्योंकि मिर्च मसाले वाले फूड शरीर के तापमान को बढ़ा सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक पसीना, एसिडिटी, पेट में ऐंठन और मतली की समस्या हो सकती है।

अक्सर जब गर्मियों में गला सूखता है तो बच्चे हमेशा सॉफ्ट ड्रिंक की तरफ आकर्षित होते हैं। यह ठंडा और काफी



सूथिंग होता है लेकिन माता-पिता को यह पता होना चाहिए कि यह ड्रिंक सिर्फ कैलोरी और हानिकारक योजकों से भरपूर होने के अलावा कुछ नहीं है, इससे समस्या हो सकती है। इसकी बजाय अपने बच्चों को ताजे फलों का रस नारियल पानी या लस्सी का सेवन करवाएं। गर्मियों के मौसम में बच्चों को तले हुए खाद्य पदार्थ को खाने से रोकना चाहिए। इसे पचाना मुश्किल होता है। इसके कारण ऐंठन और सीने में जलन हो सकती है। पाचन तंत्र सुस्त हो सकता है। बच्चों को स्ट्रीट फूड खाने से भी रोकें, यह बिना ढके हुए होते हैं। इसके कारण इसमें हानिकारक बैक्टीरिया होने की अधिक संभावना होती है। बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली वैसे भी मजबूत नहीं होती है, ऐसे में इन खाद्य पदार्थों को खाने से उल्टियां डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है।

### गर्मियों में बच्चों को खिलाएं ये चीजें

गर्मियों के मौसम में बच्चों को तरबूज का सेवन जरूर कराएं। इसमें 92 से लेकर 95 फीसदी तक पानी की मात्रा होती है। यह हाइड्रेशन का एक उत्कृष्ट स्त्रोत है। इसमें विटामिन ए भी होता है जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूती देता है इससे बच्चों की त्वचा भी तरह ताजा रहती है।

गर्मियों के मौसम में दही का सेवन जरूर कराएं। इसे पचाना आसान होता है, क्योंकि यह फर्मेंटेशन प्रक्रिया से गुजरता है। वहीं इसका सेवन करने से पाचन तंत्र भी ठीक प्रकार से काम करता है।



### गर्मी की छुट्टियों को अवसर के रूप में लें और निखारें अपने बच्चों का भविष्य

**डायरी लेखन यानी खुद से बातें :** लेखिका प्रीति शेनॉय कहती हैं, " स्कूल बंद हैं, बच्चों के पास पर्याप्त समय हैं, जिसमें वे भी कुछ नया सृजन कर सकते हैं। हम जानते हैं कि दिन भर में हर किसी के मन में हजारों अच्छे-बुरे ख्याल आते हैं। यदि बच्चे उन्हें डायरी में नोट करने की आदत डाल लें तो वे लेखन का आनंद ले पाएंगे। इतना ही नहीं, डायरी लेखन न सिर्फ उनको तनाव मुक्त करता है, बल्कि नए आइडियाज और उनके लेखन को भी सही दिशा देता है।"

**नई भाषा, नई समझ :** आठवीं कक्षा में पढ़ने वाला स्वराज क्रिकेट का दीवाना है। जब मम्मी ने कहा कि छुट्टियों में तो अब तुम सिर्फ क्रिकेट खेलोगे? तो स्वराज ने जवाब दिया, "नहीं!" मां थोड़ी हैरान हो गई और बोली, "तो फिर क्या करोगे?" तब स्वराज ने बताया कि "मुझे फ्रेंच भाषा बहुत पसंद है। इसलिए क्रिकेट की प्रैक्टिस से बचे समय में मैं फ्रेंच भाषा सीखूंगा। इसके लिए मैंने एक ऑनलाइन कोर्स में दाखिला भी ले लिया है, ताकि नवीं कक्षा में इस भाषा को पढ़ने में आसानी हो।" बस यही कदम आपको अपने बच्चे के लिए उठाना है। छुट्टियों में बच्चों के पास पर्याप्त समय होता है और नई चीजें सीखने का उन्हें भरपूर अवसर मिलता है। दसवीं की छात्रा मालिनी कहती है, "पिछले साल छुट्टियों में जब मैं फोटोग्राफी की एक वर्कशॉप में शामिल हुई तो मुझे फोटोग्राफी के बारे में बहुत कुछ जानने को मिला।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# टॉम निभाएंगे हिलेरी का किरदार, तेनजिंग के लिए जारी है तलाश



हॉलीवुड में जल्द ही शेरपा तेनजिंग नोर्गे के जीवन पर फिल्म बनने वाली है। तेनजिंग नोर्गे ने 29 मई, 1953 को दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट की पहली चढ़ाई की थी। उनके साथ एडमंड हिलेरी ने भी यह कारनामा किया था। अब उनकी जिंदगी को पर्दे पर देखने के लिए दर्शकों के बीच उत्सुकता का माहौल है। इस फिल्म पर प्रोडक्शन कंपनी सी-सॉ फिल्म्स काम कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिलहाल इस फिल्म में तेनजिंग नोर्गे के किरदार के लिए अभिनेता की तलाश जारी है। फिल्म में एडमंड हिलेरी का किरदार टॉम हिडलस्टन निभाएंगे, जबकि ऑस्कर विजेता अभिनेता विलेम डैफो कर्नल जॉन हंट की भूमिका अदा करेंगे।

इस फिल्म को ऑस्ट्रेलियन फिल्ममेकर जेनिफर पीडोम बना रही हैं। उनके शेरपा समुदाय के साथ काफी अच्छे संबंध हैं। दरउसल, उन्होंने 'शेरपा' नाम से एक डॉक्यूमेंट्री बनाई है। उसी दौरान उनका रिश्ता शेरपा समुदाय के साथ बना था। फिल्म की कहानी ल्यूक डेविस ने लिखी है। इसके निर्माता लिज वॉट्स, एमिल शर्मन, इयान कैनिंग, ल्यूक डेविस और जेनिफर पीडोम हैं। वहीं, साइमन गिलिस, डेविड मिचॉड और नोरबू तेनजिंग एग्जिक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं।

### टॉलीवुड

# 'कन्नप्पा' में होगा प्रभास के किरदार का खुलासा, एलान करेंगे विष्णु



'कन्नप्पा' विष्णु मांचू की महत्वकांक्षी परियोजना है और फिल्म की शूटिंग शुरू होने के बाद से उन्होंने काफी पैसा खर्च किया है। फिल्म में कई दिग्गज सितारों की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। विष्णु मांचू तेजी से अपनी फिल्म पर काम कर रहे हैं। हाल ही में विष्णु ने पोस्ट साझा करते हुए यह घोषणा की थी की प्रभास सेट पर शामिल हो चुके हैं और उन्होंने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। वहीं अब फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है।

फिल्म से जुड़ी लगातार दिलचस्प जानकारियां देने के लिए निर्माता पोस्टर साझा कर रहे हैं। इससे इससे पहले विष्णु ने प्रभास के किरदार का एक पोस्टर भी साझा किया था और बताया था कि वे शूटिंग शुरू कर चुके हैं। वहीं, अब ऐसी खबरें हैं कि निर्माता जल्द ही फिल्म से जुड़ी एक और नई घोषणा कर सकते हैं। ताजा अपडेट यह है कि निर्माताओं ने कल सोमवार, 13 मई, 2024 को कुछ बड़ा खुलासा करने का फैसला किया है। ऐसे में सोशल मीडिया पर चर्चाएं तेजी से हो रही हैं। प्रभास कुछ दिन पहले फिल्म की शूटिंग में शामिल हुए थे और ऐसे में अब खबरें हैं कि सोमवार को निर्माता फिल्म से प्रभास का पहला लुक जारी करेंगे। इसके साथ चर्चा यह भी है कि प्रभास के साथ अक्षय कुमार के किरदार का भी खुलासा हो सकता है। विष्णु ने प्रभास के पैरों को प्रदर्शित करने वाले एक प्री-लुक पोस्टर का अनावरण किया गया था। प्रभास के लुक की छोटी सी झलक दी गई, जिसमें उनके पैरों की झलक थी। हालांकि, प्रभास की भूमिका के बारे में जानकारी गुप्त रखी गई थी। अब लग रहा है कि 13 मई को निर्माता प्रभास का पहला लुक जारी करने के साथ उनकी भूमिका का भी खुलासा कर सकते हैं। इससे पहले विष्णु ने बताया था कि अक्षय ने शूटिंग पूरी कर ली है। साथ ही उन्होंने अक्षय के साथ फिल्म में काम करने का अनुभव भी साझा किया था और अक्षय के साथ अपनी तस्वीरें भी साझा की थीं। वहीं प्रभास के किरदार को लेकर खबर है कि वे फिल्म में कैमियो रोल निभाएंगे। प्रभास फिल्म में नंदी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। पहले उनके भगवान शिव की भूमिका निभाने की चर्चा थी, लेकिन वे पहले से ही 'कल्कि 2898 एडी' में इस किरदार को निभा रहे हैं तो ऐसे में वे किसी भी तरह का दोहराव नहीं चाहते हैं।

### भोजपुरी

# अंजना और शुभी के बीच दिखेगा 'घर की मालकिन' बनने का टशन



फिल्म इंडस्ट्री में दो खूबसूरत हीरोइनों के बीच की प्रतिस्पर्धा आम है। इसकी झलक कभी-कभी फिल्मों की कहानी में भी देखने को मिलती है। ऐसे ही एक फिल्म आ रही है 'घर की मालकिन', जिसमें दो खूबसूरत भोजपुरी की एक्ट्रेसेस अंजना सिंह और शुभी शर्मा का टशन देखने को मिलेगा। फिल्म में दोनों की भूमिका बेहद दमदार है और यह महिलाओं पर केंद्रित सिनेमा होने वाली है। 'घर की मालकिन' की कहानी का आधार घर-घर में होने वाली घटनाएं हैं, जिसके जरिए मनोरंजन के जरिए एक अच्छी फिल्म बनाई जा सकती है। फिल्म 'घर की मलकिन' को बी4यू मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत निलाभ तिवारी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाया जा रहा है। इस फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि 'फिल्म महिला प्रधान है और इसमें मेरी भूमिका बेहद दमदार है। मैं फिल्म में अपना हंड्रेड परसेंट देने को तैयार हूं और मेरी कोशिश होगी कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा के इतिहास में सबसे अधिक मनोरंजन करने वाली फिल्म बने।' उन्होंने आगे कहा, 'फिल्म के गीत संगीत और संवाद भी कैची है।

## लाइफ स्टाइल

### रंगभेद के खिलाफ




फैशन की राजधानी की बात निकलते ही लोग तुरंत मिलान, लंदन, पेरिस, टोक्यो और न्यूयॉर्क के बारे में सोचने लगते हैं। लेकिन वास्तव में, दक्षिण अफ्रीका भी फैशन के क्षेत्र में उभरता हुआ बाज़ार है, जहां जिसने इन मूल फ़ैशन शहरों के कुछ रुझानों को नीरस बना दिया है। विशेष रूप से केप टाउन और जोहान्सबर्ग उद्योग में अग्रणी शहर बन गए हैं। हर साल आयोजित होने वाले यहां के फैशन वीक में रंगभेद के खिलाफ भी माडल्स संदेश देते रहे हैं।

# ब्राइटन स्किन के लिए घर पर बनाएं विटामिन सी टोनर

अपने स्किन की केयर करने के लिए हम सभी कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन बेसिक स्किन केयर रूटीन को फॉलो करना भूल जाते हैं। अपनी स्किन की केयर करने के लिए सीटीएम यानी क्लींजिंग और मॉइश्चराइजिंग के अलावा टोनिंग पर ध्यान देना बेहद जरूरी है।

हममें से ज्यादातर लोग टोनर के बारे में सही तरह से नहीं जानते हैं और बस यही मानते हैं कि इन्हें ऑयली स्किन के लिए तैयार किया जाता है। जबकि, टोनर की आवश्यकता हर तरह की त्वचा को होती है।

इनका इस्तेमाल आमतौर पर चेहरे से अतिरिक्त तेल और गंदगी को हटाने के लिए क्लींजिंग के बाद किया जाता है। हालांकि, अगर आप अपनी स्किन को नेचुरली ब्राइटन करना चाहते हैं तो ऐसे में विटामिन सी टोनर का इस्तेमाल करना अच्छा विचार है।

विटामिन सी टोनर आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। लेकिन आप इन्हें खुद घर पर भी बना सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और



स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको घर पर ही विटामिन सी टोनर बनाने के तरीके के बारे में बता रही हैं-

विटामिन सी पाउडर और एलोवेरा जेल से बनाएं टोनर

विटामिन सी पाउडर को एलोवेरा जेल और ग्लिसरीन में मिक्स करके एक बेहतरीन टोनर तैयार किया जा सकता है। यह आपकी स्किन को ब्राइटन भी करेगा।

**टोनर बनाने का तरीका :** विटामिन सी टोनर बनाने के लिए सबसे पहले विटामिन सी पाउडर को गुलाब जल के साथ मिलाएं। पाउडर अच्छी तरह घुल जाना चाहिए। अब आप ताजा एलोवेरा जेल और ग्लिसरीन लें और इसे भी गुलाब जल के मिश्रण में डालें। अब इसे एक स्प्रिट्ज़र बोतल में डालें। आप क्लींजिंग के बाद इस टोनर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस तरह आप घर पर ही बनाएं फेस टोनर।

**नींबू के रस से बनाएं टोनर:** नींबू विटामिन सी रिच होता है और आप इससे टोनर बना सकते हैं। हालांकि, अगर आपकी स्किन संसेटिव है तो इस टोनर का इस्तेमाल करने से बचें।


**टोनर बनाने का तरीका**-सबसे पहले नींबू का रस और डिस्टिल्ड वाटर को एक साथ मिक्स करें। अब आप इसमें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदों को मिलाएं। अब आप इसे एक स्प्रे बोतल बोतल में डालकर फ्रिज में रखें। आप हर बार उपयोग से पहले इसे अच्छी तरह से हिलाएं। ग्रीन टी टोनर में नेचुरली एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रोपर्टीज होती है तो स्किन के प्रोटेक्टिव बैरियर की रक्षा करते हैं।

# साड़ी से लेकर लहंगे तक के साथ बेस्ट लगेंगे ब्लाउज के ये खास डिजाइंस




मार्केट में आपको ब्लाउज के रेडीमेड से लेकर फैब्रिक खरीदकर बनवाने के लिए ब्लाउज के कई डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। साड़ी से लेकर शरारा व लहंगे तक के साथ में तरह-तरह के डिजाइन वाले ब्लाउज पहनें जाते हैं। आजकल के डिजाइन की बात करें तो जैकेट स्टाइल वाले ब्लाउज को पहनना काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं जैकेट स्टाइल वाले ब्लाउज के डिजाइंस। इसके साथ बताएंगे अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स-

### काफ्तान स्टाइल ब्लाउज



काफ्तान स्टाइल देखने में स्टाइलिश और गर्मी के हिसाब से काफी कूल लुक देने में मदद करता है। इस तरह के लुक के साथ में आप गले में चोकर को पहन सकती हैं। इसके साथ में मैचिंग स्टड्स इयररिंग्स पहनें। बालों के लिए आप मेसी लुक लो पोनीटेल हेयर स्टाइल को चुनें। काफ्तान बनवाने के लिए आप नेट के डिजाइन वाले फैब्रिक को चुन सकती हैं। फैंसी लुक के लिए किनारी लेस लगवाएं।

### कॉलर नेक ब्लाउज

लहंगे और प्लेन साड़ी के साथ में इस तरह का शिमर डिजाइन जैकेट स्टाइल ब्लाउज बेस्ट रहेगा। इस तरह के लुक में लहंगे के साथ में आप दुपट्टे को स्किप भी कर सकती हैं। बालों के लिए स्लीक हेयर स्टाइल चुनें। ऐसा करने से आपके कंधों और नेकलाइन को स्टेटमेंट लुक मिल सकता है। ज्वेलरी के लिए भी मिनिमल डिजाइन और स्टाइलिंग करें।

### लॉन्ग जैकेट स्टाइल ब्लाउज

पॉवर लुक कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह की कस्टमाइज लॉन्ग जैकेट को स्ट्रैप ब्लाउज के साथ में पहन सकती हैं। इस तरह का लुक आप धोती स्टाइल स्कर्ट या प्लीटेड साड़ी के साथ में पहन सकती हैं। इस तरह की लॉन्ग जैकेट के लिए आप कढ़ाई वर्क डिजाइन को चुन सकते हैं।

# सलवार सूट में गिरने लगते हैं कंधे तो इन हैक्स को जरूर करें ट्राई

हम सभी को सलवार-सूट पहनना बहुत पसंद होता है। वहीं गर्मी के मौसम में यह आपकी बॉडी को आरामदायक भी महसूस करवाते हैं। हालांकि मार्केट में आजकल आपको रेडीमेड में भी काफी बड़ा कलेक्शन देखने को मिल जाएगा।

सूट की फिटिंग की बात करें तो अक्सर हमारे पहनें हुए कपड़े कंधे से लूज होते हैं और गिरते रहते हैं। इससे लुक बिगड़ सकता है। तो आइये आज हम आपको बताने वाले हैं कुछ आसान हैक्स जिनकी मदद से आप आसानी से सलवार-कमीज के गिरते कंधों को सही कर सकती हैं और सूट लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं।

### क्यों गिरते हैं सलवार-सूट के कंधे?

फिटिंग सही न होने के कारण सलवार-सूट के कंधे गिरने लगते हैं। हिन्कई बार हम डीप नेक सूट सिलवाते हैं। ऐसे में बड़े गले होने के कारण कंधे से सूट सरकने लगता है। ज्यादातर ऐसा लूज साइज वाले के सूट में होता है। यह दिक्कत सबसे ज्यादा रेडीमेड सलवार-कमीज में नजर आने लगती हैं।



### गिरते कंधों को सही करने के लिए क्या करें?


सलवार-कमीज के गिरते कंधों को सही करने के लिए सबसे पहले आप अपने साइज को सूट को ही पहनें। अगर आप बड़े गले पहन रही हैं और फिटिंग सही नहीं आ रही है तो इसके लिए आप बैक में डोरी लगवा सकती हैं। डोरी लगवाने से आप आसानी से अपने हिसाब से गिरते हुए कंधों को सही फिटिंग दे पाएंगी।

# हेयर डस्टिंग अपना रहे हैं तो जानें इसके फायदे

अपने बालों को थिक, शाइनी व हेल्दी बनाए रखने के लिए हम सभी कई तरीके अपनाते हैं। इन्हीं में से एक है हेयर ट्रिमिंग। हेयर ट्रिमिंग के कारण स्प्लिट एंड्स से आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है। लेकिन इसके कारण आपके बाल काफी छोटे भी हो जाते हैं। अगर आप अपनी हेयर लेंथ व थिकनेस को ऐसे ही बनाए रखना चाहती हैं तो ऐसे में हेयर डस्टिंग करना अच्छा विचार हो सकता है। यह एक ऐसा तरीका है, जिसे अपनाकर आप अपने दोमुंहे बालों की समस्या को भी मैनेज कर सकती हैं और इससे आपको अपने बालों की लेंथ के साथ किसी तरह का समझौता भी नहीं करना पड़ेगा।

### हेयर डस्टिंग क्या है?

हेयर डस्टिंग वास्तव में एक हेयर कटिंग टेक्निक होती है, जिसमें हेयर लेंथ के साथ कोई खास बदलाव किए बिना स्प्लिट एंड्स और डैमेज्ड हेयर को हटाया जाता है। जहां नॉर्मल ट्रिमिंग के दौरान दो से तीन इंच बाल काटे जाते हैं, वहीं हेयर डस्टिंग में केवल बालों के सिरे को ट्रिम किया जाता है। जिससे बालों की लेंथ कम नहीं होती है। डस्टिंग शब्द का उपयोग इसलिए किया जाता है, क्योंकि हटाए गए बाल काफी कम होते हैं।



### हेयर डस्टिंग के फायदे

अगर आप अपने बालों के लिए हेयर डस्टिंग का ऑप्शन चुनती हैं तो इससे आपको कई सारे फायदे मिल सकते हैं। मसलन- रेग्युलर हेयर कट में जहां आपके काफी सारे बाल यूं ही वेस्ट हो जाते हैं, वहीं हेयर डस्टिंग में आपकी हेयर लेंथ पर असर नहीं पड़ता है। हेयर डस्टिंग करवाने से स्प्लिट एंड्स और डैमेज्ड बालों को पहले ही हटा दिया जाता है, जिससे वे बालों के शाफ्ट तक नहीं पहुंचते हैं और इससे बालों के डैमेज या ब्रेकेज की संभावना काफी कम हो जाती है। हेयर डस्टिंग से आपके बाल अधिक हेल्दी नजर आते हैं।

## कार्नर न्यूज

### इस झुलसाती गर्मी में मेंस अपने फैशन का रखें पूरा ध्यान

*बेशक, मेन्स को क्या पहनना है या फिर कौन-सा स्टाइल उनपर जचेगा ये बताना थोड़ा कठिन है, लेकिन हम कोशिश तो कर ही सकते हैं। ऐसी ही कोशिश करते रहे हैं फ़ैशन डिज़ाइर्स, जो लोगों को उनकी सोच के हिसाब से कपड़े डिज़ाइन करने में लगे रहते हैं। कुछ ऐसा जो उनकी पर्सनैलिटी को शूट करे। इसमें भी कोई शक नहीं कि वो कामयाब होते हैं। आईए, जानते हैं इस साल के कुछ ऐसे मेंस फैशन ट्रेंड्स के बारे में जो काफ़ी चर्चा में हैं। इस समर यानी गर्मियों में आपको भी इन्हें ट्राई करना चाहिए।*

# गर्मी के इस मौसम में स्टाइलिश दिखने के लिए मेंस अपनाएं लेटेस्ट फैशन



**नियॉन शर्ट :** कोरोना काल की समाप्ती की घोषणा के बाद से ही डिज़ाइनर्स नए-नए कपड़े डिज़ाइन करने में लग गए थे। उन्होंने लोगों को चमकीले रंगों के साथ एक्सपेरिमेंट कर लोगों की ज़िंदगी में ब्राइटनेस लाने की कोशिश की। ये हिट भी रही। अब मार्केट में नियॉन शर्ट तेज़ी से बिक रही हैं। बहुत से फ़ैशनेबल मेन्स के वार्डरोब का ये हिस्सा हैं।

**बैगी फ़िट जीन्स :** गर्मियों में लोग खुले कपड़े पहनना पसंद करते हैं, इसलिए बैगी फ़िट जीन्स एक बार फिर से ट्रेंड में है। पहले बैगी जीन्स महिलाएं अधिक पहनती थीं, लेकिन अब मेन्स के बीच में भी ये काफ़ी फ़ेमस हो रहा है। कार्तिक आर्यन, जस्टिन बीबर जैसे स्टार्स भी पहनना पसंद करते हैं।

**रेगुलर फिट टी-शर्ट :** टी-शर्ट भी मेन्स पर ख़ूब जंचती है। समय-समय पर मेन्स ने इन्हें आसानी से कैरी कर ये बताया है। ये बहुत ही आरामदायक होती हैं और गर्मियों में इन्हें आसानी से पहना जा सकता है। लोवी, अमि, डोल्से, गबाना, एट्रो, केंजो और अरमानी जैसे लग्जरी ब्रांड्स ने भी इन्हें अपनाया है।



**स्केलेटन वॉच विद लेदर स्ट्रैप :** क्लासी घड़ियां हर मेन्स पहनना पसंद करते हैं। आजकल भले ही डिजिटल वाच का ज़माना हो, लेकिन पुरानी लेदर स्ट्रैप वाली घड़ियां अभी भी ट्रेंड में हैं। जैसे फ़ास्ट्रैक की ये घड़ी जिसमें मल्टी लेयर स्केलेटन डायल है। इसे ख़ास लेदर के स्ट्रैप में कसा गया है। हाल के केंस फिल्म फेस्टिवल में बहुत से सेलेब्स ये घड़ी पहने दिखाई दिए थे।

**जूते :** जूते के बिना तो आपका लुक अधूरा ही कहलाएगा। इसलिए लेटेस्ट और ट्रेंडी जूते पहनना भी ज़रूरी है। ब्लैक लेदर के डबल मांक मल्स इसमें आपकी हेल्प कर सकते हैं। इन्हें पहनकर आप बहुत ही कूल दिखेंगे। इन्हें आप कैजुअल और फॉर्मल दोनों तरह से पहन सकते हैं।